दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak



**प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यूएन मुख्यालय में योग दिवस कार्यक्रम... 135 देशों के प्रतिनिधि हुए शामिल, बना वर्ल्ड रिकॉर्ड**

## 'कॉपीराइट, पेटेंट और रॉयल्टी भुगतान से मुक्त है योग: मोदी

**एजेंसी** | संयुक्त राष्ट्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर न्यूयॉर्क में स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित समारोह का नेतृत्व किया।

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रवक्ता माइकल एम्प्रिक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में पीएम मोदी के नेतृत्व में योग सत्र में 135 देशों से लोगों की भागीदारी के मामले में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले पीएम ने यूएन मुख्यालय के नॉर्थ लॉन में महात्मा गांधी की प्रतिमा को नमन करने के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। मोदी ने योग को 'विश्वव्यापी' तथा 'कॉपीराइट, पेटेंट और रॉयल्टी भुगतान से मुक्त बताते हुए कहा कि योग भारत से आया है और सभी प्राचीन भारतीय परंपराओं की तरह यह भी जीवंत है। पीएम मोदी ने कहा कि जब हम योग करते हैं, तब हम शारीरिक रूप से तंदुरुस्त और मानसिक रूप से शांत महसूस करते हैं। योग जीवन जीने का एक तरीका है, यह स्वयं के साथ, दूसरों के साथ और प्रकृति के साथ सद्भाव के साथ रहने का तरीका है। 45 मिनट तक चले कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वें सत्र के अध्यक्ष साबा कोरोसी, उपमहासचिव अमीना मोहम्मद, न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स सहित अन्य हस्तियां भी शामिल हुईं। इसके बाद पीएम मोदी अपनी पहली राजकीय यात्रा का दूसरे चरण में वाशिंगटन डीसी पहुंचे, जहां वे राष्ट्रपति जो बाइडेन से द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

■ पेज 8 भी देखें

### जरूरी खबर

#### अब 26 जून से खुलेंगे सरकारी और निजी स्कूल

**जयपुर।** प्रदेशभर में सरकारी और निजी स्कूल अब 26 जून से खुलेंगे। पहले 24 जून से नया शैक्षणिक सत्र शुरू होना था, लेकिन अब शिक्षा विभाग ने अपने पंचांग में परिवर्तन कर दिया हैं। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक कानाराम ने आदेश जारी किए हैं। साथ ही ट्वीट कर भी स्कूल दो दिन देरी से खुलने के लिए जानकारी दी है। शिविरा पंचांग में 23 जून तक के लिए ग्रीष्मावकाश घोषित किया गया था। अब ग्रीष्मावकाश बढ़ाकर 25 जून तक कर दिया गया है। ऐसे में स्कूल अब 24 के बजाय 26 जून से शुरू होंगे। इसी दिन ही शिक्षकों को और विद्यार्थियों को आना होगा।

#### राज्य स्वर्ण रजत कला विकास बोर्ड का होगा गठन



**जयपुर।** राज्य सरकार द्वारा स्वर्ण रजत कला विकास बोर्ड का गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बोर्ड गठन के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। इसका मुख्यालय जयपुर में होगा। बोर्ड में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा 5 गैर सरकारी सदस्य होंगे। इनका कार्यकाल 3 वर्ष का रहेगा। साथ ही, उद्योग विभाग, स्कूल शिक्षा व संस्कृत शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, श्रम विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव और उनके प्रतिनिधि बोर्ड में सरकारी सदस्य के रूप में होंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक स्तर के अधिकारी सचिव का कार्य करेंगे। बोर्ड में राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक या उनका प्रतिनिधि विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे।

### भाजपा के हिंदुत्व के खिलाफ गहलोत की गांधी फोर्स

# 50 हजार युवा पहुंचाएंगे घर-घर गांधी का 'संदेश'

## CM ने किया ऐलान... राजनीति में नहीं चलने देंगे हिंदू एजेंडा

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ऐलान किया है कि वे आने वाले चुनाव में भाजपा का राजनीतिक हिंदुत्व एजेंडा नहीं चलने देंगे। गहलोत ने बुधवार को जालोर में प्रेसवार्ता में कहा कि भाजपा आरएसएस धर्म के नाम पर दंगे करवाते हैं। हमारी आस्था हिंदू धर्म में उनसे ज्यादा है। हम गाय के नाम पर वोट की बात नहीं करते हैं। कुछ लोग राम मंदिर की राजनीति के लिए ही हिंदू बने हैं।



गहलोत के इस बयान के चंद घंटों बाद ही उन्होंने प्रदेश में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शांति एवं सद्भाव का संदेश घर-घर पहुंचाने के लिए प्रदेश के 50 हजार युवा महात्मा गांधी सेवा प्रेरकों की भर्ती करने का भी ऐलान कर दिया और इसकी मंजूरी भी जारी कर दी। गहलोत का यह कदम प्रदेश में भाजपा के हिंदुत्व एजेंडे के खिलाफ बड़ा कदम माना जा रहा है।

#### BJP-RSS आलोचना बर्दाश्त करना सीखें

सीएम ने कहा कि राजस्थान में भाजपा के हिंदुत्व के एजेंडे को हम नहीं पनपने देंगे। यहां सर्व धर्म का सम्मान है। गो माता को लेकर भाजपा राजनीति करती है, जबकि गायों की सेवा में हमेशा कांग्रेस आगे रही है। देश में राजस्थान एकमात्र राज्य है, जहां शांति और अहिंसा का विभाग बन गया है। संघ और भाजपा को आलोचना बर्दाश्त करना सीखनी चाहिए।आलोचना आभूषण है। सीएम ने कहा विपक्ष नहीं होगा तो पक्ष कहां होगा। आलोचना सुनने का मादा होना चाहिए। देशहित की बात करते हो तो आलोचना वाले आर्टिकल पढ़ना शुरू कर दो।

#### विचारधारा के साथ यूथ पर भी फोकस

मुख्यमंत्री गहलोत ने पचास हजार युवाओं को प्रेरक लगाने की स्वीकृति दी है। यह युवा सरकारी योजनाओं से अवगत कराने के साथ महात्मा गांधी पुस्तकालय एवं संविधान केंद्रों का संचालन भी करेंगे। गहलोत ने सेवा प्रेरकों की चयन प्रक्रिया एवं नियमों के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। प्रेरकों को प्रतिमाह 4500 रुपए मानदेय मिलेगा। इनकी ग्राम पंचायत और शहरी वार्ड स्तर पर नियुक्ति होगी। आवेदन के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा 12वीं अथवा समकक्ष रखी गई है। आवेदन के लिए आयु न्यूनतम 21 वर्ष रखी गई है। ये वे यूथ होंगे जो आने वाले चुनाव में पहली बार वोट डालने और माहौल बनाने का काम करेंगे। इनका कार्यकाल 1 वर्ष का रहेगा। चयन के लिए उपखंड स्तर पर समिति का गठन किया जाएगा। प्रत्येक जिले में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चयन प्रक्रिया के नोडल अधिकारी होंगे। चयन के लिए उपखंड स्तर पर उपखंड अधिकारी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया जाएगा। जिला स्तर पर जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति प्रेरकों का अंतिम अनुमोदन कर चयनितों की सूची शांति एवं अंहिसा निदेशालय को भेजेगी।

### रीट परीक्षा प्रश्नपत्र को लीक करने की रची थी साजिश

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में निजी स्कूल का संचालक अरेस्ट

**बेधड़क** | जयपुर

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा (रीट) 2021 का प्रश्नपत्र कथित रूप से लीक होने के मामले से जुड़ी अपनी धन शोधन जांच के तहत बुधवार को जयपुर स्थित एक निजी स्कूल के मालिक को गिरफ्तार कर लिया।



सूत्रों ने बताया कि रामकृपाल मीणा को धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया और यहां एक विशेष अदालत में पेश किया गया। अदालत ने आरोपी को 27 जून तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया।

ईडी ने अदालत को सूचित किया कि मीणा उन प्रमुख व्यक्तियों में शामिल था जिन्होंने रीट परीक्षा प्रश्नपत्र को लीक करने की साजिश रची थी और इसमें मदद की थी। ईडी ने अदालत को यह भी बताया कि उसने अपराध से हासिल धन को एकत्र करने और उसे सफेद धन में बदलने में अन्य लोगों के साथ सांठगांठ की थी।

ईडी ने कथित प्रश्न पत्र लीक करने के तरीके का पता लगाने और अचल संपत्तियों के विभिन्न दस्तावेजों को मीणा को दिखाकर पूछताछ करने के लिए उसकी हिरासत की मांग की थी। एजेंसी ने मंगलवार को जयपुर में उसके परिसरों पर छापेमारी की थी जिसमें ये दस्तावेज मिले थे।

## श्री सीमेंट पर आयकर का छापा

**बेधड़क** | जयपुर

आयकर विभाग ने श्री सीमेंट पर छापा मार कर दो दर्जन से भी ज्यादा ठिकानों पर कार्रवाई की। जयपुर की अन्वेषण शाखा की छापेमारी जयपुर, ब्यावर, चित्तौड़गढ़, उदयपुर सहित अन्य ठिकानों पर की है। छापेमारी के दौरान 200 से अधिक आयकर और पुलिस कर्मी शामिल रहे।



सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस कार्रवाई में करोड़ों रुपए की कर चोरी सामने आने का अंदेशा जताया जा रहा है। कंपनी के जेएलएन मार्ग स्थित जयपुर कार्यालय पर भी आयकर विभाग की टीमें मौजूद हैं। तकनीकी आधार पर टैक्स चोरी पर भी निगाहें है। जानकारी के मुताबिक आयकर विभाग को काफी दिनों से सीमेंट कंपनी के ठिकानों पर काली कमाई जानकारी सामने आ रही थी। इसके बाद आयकर विभाग के अधिकारियों ने टीम गठित करके छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया। आयकर विभाग की टीमें कारोबारी के बैंक लॉकर्स को भी खंगालने की तैयारी कर रही हैं। इसके साथ ही कारोबारी के ठिकानों पर दस्तावेजों की भी जांच पड़ताल की जा रही है। सीमेंट फैक्ट्रियों में काम करने वाली लेबर के भुगतान में बड़ा घोटाला सामने आया है। ऐसे ही करीब 7 पॉइंट पर आयकर विभाग के अधिकारियों को अलग-अलग जगहों पर छापेमारी रहे हैं। सीमेंट के लिए खरीदे जाने वाले कोयले और उसके लिए किए गए पेमेंट में भारी अनियमितता सामने आना बताया जा रहा है।

### कांग्रेस-बसपा में गठबंधन की कवायद

# BSP के सर्वे में भी गहलोत रिपीट... मायावती गठबंधन के मूड में

- चारों चुनाव वाले राज्यों में कांग्रेस से कर सकती है बसपा गठबंधन
- दिल्ली में कांग्रेस-बसपा नेताओं की हो चुकी है एक दौर की बैठक
- बसपा को मिलकर चुनाव लड़ने में लग रहा है फायदा

**बेधड़क** | नई दिल्ली

कर्नाटक की जीत के बाद चुनाव वाले राज्यों में बदलते माहौल को देख बसपा नेत्री मायावती अब कांग्रेस के साथ गठबंधन की कोशिशों में जुट गई हैं। दिल्ली में नेताओं की एक दौर की बैठक भी हो चुकी है। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस ने सीधा संदेश दे दिया है कि लोकसभा में तभी गठबंधन होगा, जब चुनाव वाले राज्यों में पार्टी सहयोग करेगी। ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि मायावती राजस्थान समेत चारों चुनाव वाले राज्यों में कांग्रेस के साथ गठबंधन कर सकती है। गठबंधन के पीछे एक वजह यह भी है कि बीएसपी के सभी सर्वे में बिना गठबंधन के कांग्रेस राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में आराम से सरकार बनाते दिख रही है। सूत्रों की माने तो मायावती के भतीजे आकाश आनंद के सर्वे में कांग्रेस तीनों राज्य जीत रही है। राजस्थान में कांग्रेस बहुमत का आंकड़ा पार कर अभी 110 सीट अपने दम पर लाती दिख रही है। आकाश बीएसपी में दूसरे नंबर के नेता है और मायावती ने उन्हें अपना उत्तराधिकारी भी बनाया हुआ है।



फाइल फोटो

#### बसपा को यूपी में भी मिल सकता है फायदा

बीएसपी के रणनीतिकारों को लग रहा है कि कांग्रेस 2024 में उलटफेर कर सकती है। राजस्थान समेत तीन बड़े राज्यों की जीत इसमें प्रमुख भूमिका निभाएगी। इसलिए बीएसपी कोशिश में है कांग्रेस के साथ गठबंधन हो जाए। वैसे भी बीएसपी विधायक चुनाव जीतने के बाद सत्ता के साथ चले जाते हैं। इसलिए बीएसपी को भी लग रहा है, अगर मिलकर चुनाव लड़ा जाए तो यूपी में लाभ मिलेगा। बीएसपी यूपी में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन कर आधी-आधी सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार है। इसे लेकर नेताओं की बातचीत शुरू हो चुकी है। कांग्रेस की रणनीति है कि बीएसपी चुनाव वाले राज्यों में वोट काटने के बजाए साथ दे। फैसला मायावती को करना है। बदले हालात में बसपा राजस्थान समेत कई राज्यों में गठबंधन कर सकती है। अभी तक वह सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की बात करती आई थी। अगर बसपा कांग्रेस के साथ आती है तो मजबूत गठबंधन होगा।

## जरूरी खबर

### यूथ कांग्रेस का अधिवेशन 10 से 12 जुलाई तक



**जयपुर।** कांग्रेस का हरावल दस्ता अब देश भर में केंद्र सरकार को घेरेगा। यूथ कांग्रेस ने इसके लिए देश भर में 'बेहतर भारत की बुनियाद' कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार को घेरने की योजना बनाई है। अभियान को लेकर यूथ कांग्रेस की ओर से बेंगलुरु में 10 से 12 जुलाई तक राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन होगा। इसके बाद यूथ कांग्रेस की ओर से ब्लॉक स्तर तक अभियान चलाया जाएगा। पीसीसी कार्यालय में बुधवार को हुई प्रेस वार्ता में इस अभियान को लेकर जानकारी दी गई।

### सफाई कर्मियों की समस्याओं का हो समाधान: जैदिया

**जयपुर।** राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष किशन लाल जैदिया ने कहा कि सफाई कर्मचारी हर समय खतरों से जूझकर काम करते हैं। इनकी समस्याओं का समाधान संवेदनशीलता से होना चाहिए। राज्य सफाई कर्मचारी आयोग अध्यक्ष बुधवार को चूरू कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सफाई कर्मचारियों की भर्ती, प्रमोशन, न्यूनतम वेतन, स्वास्थ्य परीक्षण, वर्दी भत्ता पर अधिकारियों से फीडबैक लिया और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने चूरू नगर परिषद आयुक्त को 15 जुलाई तक सफाई कर्मचारियों के नियमानुसार प्रमोशन के निर्देश दिए।

### खान विभाग में 66 हजार करोड़ का घोटाला: किरोड़ी



**जयपुर।** भाजपा के राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा ने राज्य सरकार पर एक बार फिर आरोप लगाए हैं। उन्होंने इस बार खान विभाग में अनियमितता के आरोप लगाए हैं। सांसद मीणा ने सीएम गहलोत से खान घोटाले की सीबीआई से जांच की मांग भी उठाई। मीणा ने कहा कि खान विभाग में करीब 66 हजार करोड़ का घोटाला हुआ है, जिसमें 27 हजार करोड़ का खनिज स्टॉक, 20 हजार करोड़ का बजरी, 10 हजार 800 करोड़ का अरावली हिल, 2500 करोड़ का हिंदुस्तान जिंक, 2400 करोड़ का जिंदल कोल, 2 हजार करोड़ का ईआरसीसी घोटाला, हजार करोड़ का सीमेंट ब्लॉक, हजार करोड़ का स्टांप व 200 करोड़ का सावर घोटाला प्रमुख हैं।

**सियासी बयानबाजी:** बीकानेर जिले के खाजूवाला में युवती से गैंगरेप व हत्या के मामले में आरोपों का दौर शुरू

# हमलावर हुई भाजपा, निशाने पर प्रदेश की गहलोत सरकार

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान के बीकानेर के खाजूवाला में कोचिंग में पढ़ने वाली एक 20 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म कर हत्या करने का मामला गरमा गया है।

हत्या के बाद सियासी बयानबाजी शुरू हो गई है और भाजपा ने कांग्रेस पर हमला बोल दिया है। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ से लेकर उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है।



### घटना ने झकझोर कर रख दिया: पूनियां

उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां ने कहा कि खाजूवाला में कम्प्यूटर क्लास अटेंड करने निकली एक युवती से सामूहिक दुष्कर्म कर उसकी हत्या की घटना ने एक बार फिर से पूरे राजस्थान को झकझोर कर रख दिया है। प्रदेश में बेटियां बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं। इस मामले में पुलिस की संलिप्तता और भी दुखःद है। इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोनों कांस्टेबल सहित सभी मुजरिमों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

### जल्द गिरफ्तारी कर कड़ी से कड़ी सजा दें: सीपी जोशी

प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि राजस्थान में महिला अपराध चरम पर हैं। ऐसे में कांग्रेस की महिला नेत्री कहां हैं, जो कहती हैं कि लड़की हूं लड़ सकती हूं। प्रियंका गांधी राजस्थान आकर पीड़ित बच्चियों और महिलाओं को न्याय दिलाएं। मुख्यमंत्री दुष्कर्म की घटनाओं के रोष को भटकाने के लिए भाजपा और संघ पर ऊल-जलूल आरोप लगाते हैं। जोशी ने घटना में मुख्य आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी कर कड़ी से कड़ी सजा देने और पीड़ित परिवार को एक करोड़ मुआवजा व आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग भी की। सीपी जोशी ने कहा कि भाजपा की ओर से पहले भी मांग की गई है कि प्रदेश में पूर्णकालिक गृहमंत्री होना चाहिए, जो किसी भी घटना की जिम्मेदारी ले सके।

### महिलाओं की सुरक्षा कौन करेगा: राठौड़

नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ट्वीट किया है कि दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में अब तक दोनों आरोपी कांस्टेबल को गिरफ्तार नहीं किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। कार्रवाई के नाम पर दोनों कांस्टेबलों को सिर्फ सस्पेंड कर खानापूर्ति की जा रही है, लेकिन गिरफ्तारी नहीं हुई है। इससे युवती के परिजनों में भी पुलिस प्रशासन के प्रति गहरा आक्रोश है। सरकार की नाक के नीचे जब पुलिस ही बहन-बेटियों की अस्मत के साथ खिलवाड़ करेगी तो फिर महिलाओं की सुरक्षा कौन करेगा?

### पुलिस भी ऐसे कुकृत्यों में सहभागी, यह शर्मनाक: राजे

पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने ट्वीट कर कहा कि दुष्कर्म और हत्या के मामले की जितनी निंदा की जाए कम है। जिनके कंधों पर महिलाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी है, यदि वही पुलिस ऐसे कुकृत्यों में सहभागी है, तो इससे शर्मनाक और कुछ नहीं है। कांग्रेस सरकार अपने खोखले दावों और झूठे प्रचार से जनता को सिर्फ गुमराह कर रही है। हकीकत यह है कि महिला अपराधों की श्रेणी में राजस्थान की वर्तमान जैसी बदहाल स्थिति पहले कभी नहीं देखी गई है। बेटियों के आंसुओं से यह सरकार अपने पापों को सींच रही है और इन पापों का घड़ा जल्द भरने वाला है।

**राहत में सियासत:** सीएम ने किया चक्रवात प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

# भाजपा नेताओं के पास नहीं बचा अब कोई मुद्दा: गहलोत



**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को पाली और जालौर जिले में बिपरजॉय चक्रवात से प्रभावित क्षेत्रों का हवाई दौरा किया। वहीं बिपरजॉय को लेकर हो रही सियासत पर गहलोत ने कहा कि भाजपा नेताओं के पास कोई मुद्दा नहीं है। चुनाव नजदीक आ गया है तो अब उन्हें आलाकमान की फटकार लग रही है। इसलिए ऐसे बयान दिए जा रहे हैं।

गहलोत को प्रभावितों ने अपने नुकसान के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने प्रशासन और पुलिस द्वारा किए गए राहत कार्यों की सराहना की। प्रभावित लोगों ने कहा कि पूर्व तैयारियों से भी नुकसान कम हुआ है। आपदा के दौरान रेस्क्यू में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ सहित अन्य स्वयंसेवकों द्वारा दिन-रात काम किया गया। गहलोत ने कहा कि बिपरजॉय से पूर्व ही 15 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया था। इस आपदा को लेकर मुख्य सचिव सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी 24 घंटे निगरानी बनाए हुए हैं। गहलोत ने कहा कि शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में राज्य अग्रणी बना है। राजस्थान मॉडल को अन्य राज्य भी अपना रहे हैं। उन्होंने पाली सर्किट हाउस में प्रभावित लोगों से मुलाकात की। गहलोत ने सभी से आत्मीयता से बात कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित राहत पहुंचाने व सर्वे कराकर नियमानुसार मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए।

### तबीयत नासाज थी तो नहीं मिल सका पटेल से

मुख्यमंत्री ने कहा कि एनडीआरएफ के नियमों में हुए बदलाव की वजह से राहत की प्रक्रिया में जटिलता आई है। उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि आपदा नियमों के साथ ही फसल बीमा की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए। इसके अलावा सांसद देवजी पटेल से मुलाकात नहीं होने पर मुख्यमंत्री ने बताया कि वह बिना अपॉइंटमेंट के आए थे और उस समय मेरी तबीयत नासाज थी, इसलिए मैं उनसे मिल नहीं पाया, फिर मैंने फोन पर देवजी पटेल से बात कर उनके सुझाव लिए।

## दौरों से लोगों का पेट भरने वाला नहीं: राजे

**बेधड़क** | जयपुर

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा है कि मुख्यमंत्री हवाई दौरे करने के साथ चक्रवात प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत भी प्रदान करें। कोरे दौरों से किसी का पेट भरने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को ही नहीं आम लोगों को भी बिपरजॉय तूफान से होने वाली तबाही का पूर्वाभास था। इसके बावजूद मुख्यमंत्री अलर्ट नहीं हुए। नतीजा यह हुआ कि कई लोगों की मौत हो गई। भारी तादाद में पशु धन नष्ट हो गया। घर ढह गए। इतना सब होने के बाद भी सीएम लोगों तक राहत पहुचाने के बजाय सिर्फ हवाई दौरे कर आहत परिवारों के जख्मों पर नमक छिड़क रहे हैं।



### लोगों को अपने हाल पर छोड़ा

राजे ने कहा है कि शासन सिर्फ आश्वासन नहीं, लोगों को राशन दे। उन्होंने कहा कि गुजरात की भाजपा सरकार ने सवा लाख लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। वहीं राजस्थान की सरकार ने लोगों को अपने हाल पर छोड़ दिया, जिससे 17 लोग मारे गए। हकीकत में मरने वालों की संख्या कहीं ज्यादा होगी।

**चक्रवात: एक्शन में आया राजभवन**

## हताहत लोगों को त्वरित सहायता के गवर्नर ने दिए निर्देश

**बेधड़क** | जयपुर



राज्यपाल कलराज मिश्र ने बिपरजॉय तूफान और भारी वर्षा से राजस्थान में हुई जन-धन की हानि की समीक्षा करते हुए इससे हताहत लोगों को स्थानीय प्रशासन द्वारा त्वरित और प्रभावी सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। राज्यपाल ने बुधवार को जिला कलेक्टर जोधपुर, सिरोही, जालोर और पाली के साथ ही जोधपुर के संभागीय आयुक्त कैलाश मीणा से फोन पर बात कर तूफान और भारी वर्षा से हुई क्षति के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने इन क्षेत्रों में भारी वर्षा और तेज हवाओं से हुए नुकसान पर चिंता जताते हुए राहत और बचाव के पुख्ता इंतजाम किए जाने की भी आवश्यकता जताई। राज्यपाल ने माउंट आबू के उपखण्ड अधिकारी से भी हालात के बारे में विशेष रूप से जानकारी ली और वहां हरसम्भव राहत के प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए।

राज्यपाल ने भारी वर्षा से बहुत से स्थानों पर जलभराव की गंभीर स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने वहां से जल निकासी के लिए त्वरित कार्रवाई किए जाने, बिजली आपूर्ति को दुरुस्त करने, लोगों को राहत प्रदान करने के लिए कारगर उपाय किए जाने के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने जिला कलेक्टरों से चक्रवाती तूफान और भारी वर्षा के दौरान बेघर हुए लोगों का विवरण प्राप्त करने, पशुधन हानि के बारे में पूर्ण सर्वे कर समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने मौसम विभाग द्वारा जारी रेड, ऑरेंज और येलो अलर्ट के अंतर्गत प्रदेश के अन्य स्थानों में आगामी दिनों में रहने वाली स्थितियों के बारे में भी विशेष रूप से जानकारी ली और पूर्व तैयारियों के लिए प्रभावी इंतजाम करने पर जोर दिया।

**कर्मचारी संघों की मांग पर सीएम ने दिए आदेश**

## हड़ताल अवधि की अनुपस्थिति होगी अवकाश में समायोजित

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विभिन्न मंत्रालयिक कर्मचारी संघों की मांग पर हाल की मंत्रालयिक कर्मियों द्वारा की गई हड़ताल के दिनों का अवकाश स्वीकृत किए जाने के आदेश दिए हैं। इससे मंत्रालयिक कर्मचारियों के हड़ताल की समयावधि के दिनों की गणना सेवा अवधि में हो सकेगी।

गौरतलब है कि विभिन्न मांगों को लेकर मंत्रालयिक कर्मचारी 10 अप्रेल से हड़ताल पर चले गए थे, जिससे विभिन्न विभागों में कामकाज लगभग ठप हो गया था।



इसका असर महंगाई राहत कैंपों पर भी पड़ रहा था।

इस बीच सरकार से वार्ता के बाद मंत्रालयिक कर्मचारियों ने हाल ही 12 जून को हड़ताल समाप्त करने की घोषणा कर दी थी। इसके बाद मंत्रालयिक कर्मचारी 13 जून से काम पर लौट आए। प्रदेश सरकार की ओर से अवकाश में शिथिलता देने के लिए आदेश में भी कहा गया है कि अवकाश में शिथिलता उन्हें कर्मचारियों को दी जाएगी, जो समझौते के बाद 13 जून को काम पर लौट आए थे।

**कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का भाजपा पर जुबानी हमला, कहा...**

## भाजपा सेवा नहीं, गायों के नाम पर सिर्फ वोटों के लिए करती है राजनीति

**बेधड़क** | जयपुर

पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा लगातार भाजपा पर जुबानी हमला बोल रहे हैं। जयपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के बयान को लेकर डोटासरा ने तंज कसा। पीसीसी चीफ ने कहा कि लंपी बीमारी से मरी गायों को लेकर कांग्रेस सरकार ने 42 हजार किसानों को 40-40 हजार रुपए प्रति मृत गाय के हिसाब से जो 150 करोड़ रुपए दिए हैं। उस पर राठौड़ ने आपत्ति की है और कहा है कि हम बीकानेर में इसे लेकर विरोध में उतरेंगे। भाजपा गोमाता के नाम से वोट ले लेकर केंद्र और विभिन्न राज्यों में सत्ता में आई, लेकिन वास्तव में गोमाता के प्रति सेवा करने का जज्बा कांग्रेस की सरकार में है। डोटासरा ने कहा कि भाजपा सिर्फ वोटों की फ स ल काटने के चक्कर में गायों के नाम पर राजनीति करती है, जबकि हमारी सरकार ने गोवंश के उत्थान, पशुपालकों के उत्थान के लिए कई क्रांतिकारी काम किए, जो देश में कहीं भी नहीं हुए हैं। भाजपा की झुंझनूं में किसान कर्जमाफी की सभा को लेकर डोटासरा ने कहा कि यह कभी किसान हितैषी नहीं हो सकते हैं। झुंझनूं में जब यह जाएं तो सोच समझकर जाएं।



यह वह इलाका है, जहां से सेना में सबसे ज्यादा युवा जाते हैं, लेकिन अग्निवीर के नाम पर उनके साथ धोखा किया है। डोटासरा ने भाजपा पर ओबीसी विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ओबीसी हितैषी होती तो क्या ओबीसी के प्रदेश अध्यक्ष को हटाकर जनरल के व्यक्ति को प्रदेश अध्यक्ष बनाती?

**वन संरक्षण को लेकर राज्य सरकार गंभीर**

# हाइकिंग, ट्रेकिंग और कैम्पिंग के जरिए युवाओं को वन से जोड़ेगी सरकार

### ■ देसूरी-पाली में लेपर्ड कन्जर्वेशन और सिरोही वाडाखेड़ा में विकास कार्य को लेकर 5.15 करोड़ की स्वीकृति



**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश की कांग्रेस सरकार वन्यजीवों और वन संरक्षण को लेकर गंभीर हो गई है। इसी को लेकर बुधवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वनों व वन्यजीवों के विकास को लेकर करोड़ों रुपए की मंजूरी दी है। सीएम ने गोडवाड़ देसूरी (पाली) में लेपर्ड कंजर्वेशन रिजर्व विकसित करने और सिरोही के संरक्षित वन क्षेत्र वाडाखेड़ा में विकास कार्य को लेकर 5.15 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति दी हैं। वहीं युवाओं को वन क्षेत्रों से जोड़ने के लिए वन क्षेत्रों में हाइकिंग, ट्रेकिंग, कैम्पिंग और अन्य रोमांचकारी गतिविधियां शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री गहलोत ने 9.74 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की हैं।

### लेपर्ड कंजर्वेशन रिजर्व के लिए 2 करोड़ रुपए

जवाई कंजर्वेशन क्षेत्र करीब 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है। इस पूरे क्षेत्र को कंजर्वेशन कम कम्युनिटी रिजर्व के रूप में डवलप किया जा रहा है। इसका मतलब है कि यहां सिर्फ वन्यजीव अधिनियम लागू होंगे। इस क्षेत्र में माइनिंग, वन एवं वन्यजीव विरोधी गतिविधियां नहीं की जा सकेंगी। राज्य सरकार प्रदेश में वन क्षेत्र विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी को लेकर सीएम ने पाली के गोडवाड़ देसूरी में लेपर्ड कंजर्वेशन रिजर्व विकसित करने और सिरोही के संरक्षित वन क्षेत्र वाडाखेड़ा में विभिन्न विकास कार्यों के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

### विभिन्न गतिविधियों के लिए 9.74 करोड़

युवाओं को वन क्षेत्रों से जोड़ने और रोमांचकारी गतिविधियों के लिए मुख्यमंत्री गहलोत ने 9.74 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि से प्रदेश के 12 जिलों के विभिन्न वन क्षेत्रों में गतिविधियां शुरू की जाएंगी। इनमें अजमेर के तारागढ़, अलवर के चूहड़सिद्ध, बारां के रामगढ़ क्रेटर, भरतपुर के ब्रज चौरासी क्षेत्र, भीलवाड़ा के हमीरगढ़ व मंगरोप, चित्तौड़गढ़ के हथिनी औदी व मेनाल वाटरफाल, दौसा के मेढ़ा व गोलमेल, जयपुर के बुचारा व कचरावाला, सिरोही के मातरमाता, सीकर के बोलेश्वर, प्रतापगढ़ के धूणीमाता व कमलेश्वर महादेव तथा उदयपुर के नाल सांडोल क्षेत्र शामिल हैं। इन क्षेत्रों में हाइकिंग, ट्रेकिंग, कैम्पिंग और अन्य रोमांचकारी गतिविधियां शुरू होंगी।

### रणथंभौर में फिर गूंजी किलकारी

सवाई माधोपुर स्थित रणथंभौर टाइगर रिजर्व से एक बार फिर खुशखबरी आई है, जहां बाघिन टी-124 रिद्धि ने तीन शावकों को जन्म दिया है। बुधवार सुबह की पारी में जंगल सफारी पर गए पर्यटकों को रणथंभौर के जोन-3 में बाघिन रिद्धि टी-124 तीन शावकों के साथ नजर आई। पर्यटकों और गाइडों ने वनाधिकारियों को बाघिन और शावकों के बारे में जानकारी दी गई, जिसके बाद वन विभाग के अधिकारी हरकत में आए। बाघिन के तीन शावकों के साथ नजर आने के साथ ही रणथंभौर में करीब 76 बाघ-बाघिन और शावक हो गए हैं, जो रणथंभौर के लिए खुशी की बात है।

### कोटा में बनेगा राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र एवं डिजिटल प्लेनेटोरियम

कोटा के राजीव गांधी नगर में राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र एवं डिजिटल प्लेनेटोरियम की स्थापना की जाएगी। इससे विद्यार्थी और आमजन दैनिक जीवन में विज्ञान की भूमिका व खगोलीय घटनाओं के रहस्य आकर्षक मॉडल्स एवं एक्सपेरिमेंट्स के जरिए समझेंगे। मुख्यमंत्री गहलोत ने केंद्र की स्थापना के लिए 7.40 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

## जरूरी खबर

### एसएमएस में रोबोट से की एक दिन में 3 सर्जरी



**जयपुर।** सवाई मानसिंह अस्पताल के सर्जरी विभाग में चिकित्सकों ने रोबोट की मदद से एक दिन में 3 सर्जरी की हैं। यूनिट हैड डॉ. राजेंद्र बागड़ी ने बताया कि रोबोट की मदद से एक के बाद एक तीन ऑपरेशन कर एसएमएस ऐसा करने वाला प्रदेश का पहला मेडिकल कॉलेज बन गया है। यहां पर मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना तहत सभी मरीजों के फ्री में 3 घंटे में 3 आपरेशन में किए गए। इनमें एक का हर्नियां व दो मरीजों की पित की थैली आपरेशन किया गया।

### आनंद शांडिल्य के खिलाफ महिला ने कराई एफआईआर




**जयपुर।** आदर्श नगर थाने में हार्डकोर बदमाश आनंद शांडिल्य समेत आधा दर्जन लोगों खिलाफ एक महिला ने जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एसीपी बस्सी फूलचंद कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में तिलक नगर निवासी 42 वर्षीय महिला ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि आनंद शांडिल्य उनके पड़ोस में रहता है। यह लॉरेंस गैंग से जुड़ा हुआ है। आए दिन आनंद और इससे जुड़े हुए लोग जान से मारने की धमकी देते हैं। गौरतलब है कि आनंद शांडिल्य को जवाहर नगर थाना पुलिस ने साल 2021 में एक व्यापारी को धमकी देकर करोड़ों रुपए की रंगदारी मांगने में मामले गिरफ्तार किया था। इसके साथ गैंगेस्टर लॉरेंस विश्नोई और संपत नेहरा को भी गिरफ्तार किया गया था।


**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।


## प्रदेश में बिपरजॉय का असर खत्म हुआ तो हल्का पड़ा बारिश का दौर

# तड़के बरसात, दिनभर उमस और शाम को चली ठंडी हवाएं

**बेधड़क** | जयपुर

बिपरजॉय के जाने के साथ ही बारिश का दौर अब हल्का पड़ गया है। जयपुर में गर्मी और उमस के बढ़ने से लोग दिन भर परेशान रहे, लेकिन शाम को ठंडी हवाएं चलने से राहत मिली।

जयपुर शहर के बाहरी इलाकों में मंगलवार देर रात को फिर बारिश का दौर शुरु हुआ जो बुधवार सुबह तक रुक-रुक कर जारी रहा। मौसम केन्द्र निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि मंगलवार रात से बुधवार सुबह तक 19.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। आमेर, कूकस, कानोता और जमवारामगढ़ में भी बरसात हुई।



### तीन दिन बाद फिर चलेगा बारिश का दौर

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले तीन दिन जयपुर में मौसम शुष्क रहेगा। कहीं-कहीं हल्की बारिश होने आसार हैं। 22 और 23 जून को राजस्थान में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। कुछ स्थानों पर जरूर हल्की बारिश और बूंदाबांदी हो सकती है, लेकिन 24 जून से पूर्वी राजस्थान के जिलों में फिर से बारिश का दौर शुरू हो जाएगा। प्रदेश के भरतपुर, दौसा, धौलपुर, करौली, बारां, बूंदी, झालावाड़, कोटा और सवाई माधोपुर में तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर शुरू हो जाएगा।

### तीन दिन में लोगों की 50 से ज्यादा शिकायतें

चक्रवात के कारण हुई भारी बारिश से जहां पश्चिमी और दक्षिणी जिलों में बाढ़ के हालात हो गए, वहीं जयपुर शहर में भी लगातार बरसात ने प्रशासन के इंतजामों की पोल खोलकर रख दी। मानसून पूर्व हुई बारिश से नाले उफान मारने लगे, वहीं सडकें बारिश में पानी से दरिया बनकर बहने लगी। सबसे ज्यादा परेशानी निचले इलाकों में हुई। लोग नियंत्रण कक्ष में पानी घुसने की की शिकायतें करते रहे। पिछले तीन दिन में करीब 50 से ज्यादा शिकायतें जिला कलेक्टर के नियंत्रण कक्ष को मिली।

## विवाद पहुंचा प्रभारी रंधावा के पास, बोले- जल्द मिलेंगे सीएम से

# मेरे आरोप गलत साबित हुए तो दे दूंगी इस्तीफा: महापौर मुनेश

- जलदाय मंत्री जोशी फिर पहुंचे धरना स्थल
- पार्षदों से की समझाइश, मिला सिर्फ एक जवाब... वर्मा को बर्खास्त करो
- ग्रेटर महापौर ने अतिरिक्त आयुक्त पर किया पलटवार

**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम हेरिटेज में चल रहा विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। मामला अब प्रदेश प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा के पास पहुंच गया है। हालांकि, उससे पहले मंत्री महेश जोशी ने एक बार फिर पार्षदों से समझाइश की, लेकिन महापौर और पार्षद दोनों वर्मा को बर्खास्त करने की मांग पर अड़े रहे।

मामले में कोई ठोस फैसला नहीं होते देख अब महापौर और पार्षदों ने प्रदेश प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा से मिलकर मामले में समाधान करने की मांग की है। रंधावा ने महापौर और अतिरिक्त आयुक्त विवाद में मुख्यमंत्री से बात करने का आश्वासन दिया है।



### मैंने गोद ली है एससी वर्ग की बच्ची

मुनेश ने कहा कि मैं शुरुआत से ही सभी जातियों को साथ लेकर चल रही हूं। कभी किसी जाति में भेदभाव नहीं करती। यहां तक कि मैंने तो खुद एक एससी वर्ग की बच्ची इशिता जाजोरिया को गोद ले रखा है। मेरा वाल्मीकि समाज से पुराना रिश्ता है, लेकिन न जाने किन लोगों के दबाव में आकर अतिरिक्त आयुक्त झूठे मुकदमे करवा रहे हैं।

### महापौर ने राजेंद्र वर्मा पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

धरना पॉलिटिक्स के बीच अब महापौर और अतिरिक्त आयुक्त एक- दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने में जुट गए है। मंगलवार को जहां राजेंद्र वर्मा ने महापौर पर एसटी- एससी का मामला दर्ज कराने की शिकायत दी है, वहीं बुधवार को महापौर मुनेश गुर्जर ने पलटवार करते हुए अतिरिक्त आयुक्त राजेंद्र वर्मा को भ्रष्टाचार में लिप्त बताया। महापौर ने प्रेस वार्ता कर कहा कि निगम में कोई भी फाइल राजेंद्र वर्मा बिना भ्रष्टाचार के इधर-उधर नहीं करते है। उन्होनें दावा किया है कि निगम की बाढ़ नियंत्रण, सुलभ शौचालय और अस्थायी बीट की फाइलों में वर्मा ने भ्रष्टाचार किया है। इन फाइलों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। अगर जांच में सब सही होता है तो वे तुरंत अपना इस्तीफा समिति को सौंप देंगी।

### पार्षदों पर लगा रहे झूठे आरोप

महापौर ने कहा कि राजेन्द्र वर्मा जब से निगम में आएं हैं, अपनी मनमानी कर रहे है। पार्षदों को झूठे आरोप में फंसा कर दबाव बना रहे हैं। वे अपनी जाति का सहारा लेकर इस भ्रष्टाचार के मुद्दे को दबाना चाहते हैं, जबकि मैं किसी भी व्यक्ति को जातिसूचक शब्द बोल ही नहीं सकती। ना ही हमारा कोई पार्षद इस तरह के शब्दों का प्रयोग करता है। उस दिन भी जब यह पूरा घटनाक्रम हुआ। वहां सिर्फ राजेंद्र वर्मा नहीं, बल्कि नगर निगम के दूसरे अधिकारी भी मौजूद थे।

### महेश जोशी ने फिर की समझाइश

मंत्री महेश जोशी एक बार फिर निगम मुख्यालय में चल रहे धरने में पहुंचे। जोशी ने कहा कि वे सरकार के प्रतिनिधि या फिर मंत्री के तौर पर नहीं आएं हैं। आम विधायक के तौर पर मिलने आए हैं। मैंने चारों विधायकों से बात की है। हम सब चाहते हैं कि पार्षदों का धरना खत्म हो। बीच का कोई रास्ता निकले और पार्षदों का यह धरना खत्म हो। इस पर सभी पार्षदों ने एकजुट होकर राजेंद्र वर्मा को निलम्बित करने की मांग की।

> “जो सत्ता संघर्ष प्रदेश में चल रहा है, वही हेरिटेज निगम में भी चल रहा है। दो मंत्री सिर्फ निगम की मलाई खाने में लगे हुए हैं। ढाई साल बाद भी कमेटी नहीं बनी। नालों की सफाई तक नहीं हो पाई है। जनता चुनावों में इन्हें सबक सिखाएगी।
>
> **अरुण चतुर्वेदी,** वरिष्ठ भाजपा नेता

## पीसीटीएस आशा एप लॉन्च

# डिजीटल प्लेटफॉर्म पर आई 53 हजार से ज्यादा आशा वर्कर्स



**बेधड़क** | जयपुर

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने बुधवार को पीसीटीएस आशा एप लॉन्च किया। इस एप के जरिए गर्भवती महिलाओं, प्रसूताओं और शिशुओं को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की ऑनलाइन ट्रैकिंग, रिपोर्टिंग और मॉनिटरिंग हो सकेगी।

पीसीटीएस मोबाइल एप से प्रदेश की 53 हजार से ज्यादा आशा वर्कर्स मोबाइल पर उनके क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं की डे-टू-डे रिपोर्टिंग कर सकेंगी और इस कार्य की मॉनिटरिंग भी की जा सकेगी। स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि इस तरह आशा कार्यकर्ताओं को एक एप पर लाने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य बन गया है। इस मौके पर मीणा ने कहा कि इससे महिलाओं और बच्चों से संबंधित स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत किया जा सकेगा।

### एक अभिनव पहल

मिशन निदेशक एनएचम डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि यह एनआईसी राजस्थान और डेमोग्राफर अनुभाग के माध्यम से तैयार करवाया गया है। उपस्वास्थ्य केन्द्रों पर सुविधा नहीं होने से पहले डाटा को अपने क्षेत्र की पीएचसी/सीएचसीजाकर अपडेट करवाना पड़ता था।

### एएनएम से लिया फीडबैक

इस एप के माध्यम से प्रदेश की किसी भी आशा और एएनएम से विभाग के अधिकारी सीधी प्रगति रिपोर्ट ले पाएंगे। चिकित्सा मंत्री ने इस दौरान चंदवाजी की एएनएम संजू गुर्जर से फोन पर बात की। चिकित्सा मंत्री ने एएनएम से संस्थान की ओपीडी, कार्यरत आशा सहयोगिनियों की रिपोर्ट और स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। एसीएस शुभ्रा सिंह ने इस एप के बारे में एएनएम से फीडबैक लिया।

## अस्पताल में ही पत्नी को छोड़ भागा लॉ ऑफिसर

# बेटी हुई तो पत्नी को दिया तलाक

**बेधड़क** | जयपुर

बेटी का जन्म हुआ तो बाप उसे और पत्नी को अस्पताल में ही छोड़कर भाग गया। बाद में उसने अपनी पत्नी को तलाक भी दे डाला। मामला शहर के रामगंज इलाके से जुड़ा है।

लखनऊ के रईस परिवार के आरोपी को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। बाद में जयपुर की रामगंज थाना पुलिस उसे गिरफ्तार कर जयपुर ले आई और



न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता पेशे से चिकित्सक है, जिसका निकाह 28 अक्टूबर 2021 को लखनऊ के वफी अजीज सफवी से हुआ था। वह पंजाब नेशनल बैंक हैदराबाद में लॉ ऑफिसर था जो ट्रांसफर के बाद पीएनबी द्वारिका दिल्ली चला गया। घटनाक्रम के अनुसार शादी के बाद से ही पीड़िता का पति और ससुराल सहित दादा ससुर हसन अजीत सतवीर साहिबा और ननद नजमा नबील अहमद उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। वफी अजीज सफवी अपने ससुराल वालों से फोर व्हीलर और नकदी दिए जाने का शादी के बाद से ही लगातार दबाव बनाता आ रहा था।

## बिलिंग काउंटर, ब्लड सैंपल डेस्क और डीडीसी काउंटर की शुरुआत

# एसएमएस में अब 24 घंटे मिलेंगी दवाइयां

**बेधड़क** | जयपुर

सवाई मानसिंह अस्पताल में मरीजों को नई सौगात दी गई है। बुधवार को कॉर्डियोलॉजी विभाग की ओपीडी में बिलिंग काउंटर, ब्लड सैंपल डेस्क और डीडीसी काउंटर की शुरुआत की गई है।

इस मौके पर कॉर्डियोलॉजी विभाग के एचओडी वीवी अग्रवाल, एसएमएस के अतिरिक्त अधीक्षक प्रदीप शर्मा, डॉ. देवेन्द्र पुरोहित, ईसीजी के इंचार्ज प्रतीक शर्मा समेत



अन्य डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहे। वहीं, प्लास्टिक सर्जरी वार्ड के पास नया डीडीसी सेंटर खोला गया है। प्लास्टिक सर्जरी डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ. सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि इससे मरीजों को अब 24 घंटे बैड पर ही दवाइयां उपलब्ध हो सकेंगी। अभी प्लास्टिक सर्जरी और इससे लगते जनरल मेडिसन वार्ड के मरीजों को रात में दवाई लेने के लिए बांगड़ यूनिट या दूसरी यूनिट में संचालित डीडीसी सेंटर पर जाना पड़ता था। एसएमएस के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि नई सुविधा के बाद बिल काउंटर, सैंपल कलेक्शन और दवाई के लिए अलग-अलग जगह लाइन में नहीं लगना पड़ेगा।

## हर माह की 21 तारीख को करते हैं प्रदर्शन

# पुरानी पेंशन स्कीम की बहाली के लिए केंद्रीय कर्मचारियों ने निकाली रैली

**बेधड़क** | जयपुर

केंद्रीय कर्मचारियों को दी जा रही न्यू पेंशन स्कीम को बंद कर पुरानी पेंशन योजना बहाली को लेकर विभिन्न संगठनों ने बुधवार को रैली निकाल प्रदर्शन किया।

रेलवे के मान्यता प्राप्त श्रमिक संगठन उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ, नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लॉइज यूनियन, एससी, एसटी एम्प्लॉइज एसोसिएशन, ओबीसी एम्प्लॉइज एसोसिएशन, टेलीकॉम श्रमिक संगठन, इनकम टैक्स कर्मचारी संगठन ने मिलकर उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ मंडल कार्यालय के सामने एकत्र हुए और रैली के रूप में मेट्रो स्टेशन अजमेर रोड होते हुए शहीद स्मारक पहुंचे। यहां रैली सभा में परिवर्तित हो गई।




इस दौरान यहां प्रदर्शन भी किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष गुमान सिंह, जोनल अध्यक्ष विनोद मेहता, जोनल महामंत्री एस आई जैकब,अरुण गुप्ता जोनल महामंत्री मुकेश माथुर, एसोसिएशन के जोनल महामंत्री रामसिंह, ओबीसी एसोसिएशन के महामंत्री राजेश यादव, टेलिकॉम एसोसिएशन के बी एम सूंडा, इनकम टैक्स कर्मचारी संगठन के रमेश मीना आदि नेताओं ने सभा को सम्बोधित किया।

### हठधर्मिता पर अड़ी हुई है केंद्र सरकार

गुमान सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार ओपीएस को लेकर अपनी हठधर्मिता पर अड़ी हुई है और यह हठधर्मिता युवाओं के भविष्य को अंधकार की ओर धकेल रही है। जब तक केंद्र सरकार एनपीएस को खत्म कर ओपीएस की बहाली नही करेगी तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। एस आई जैकब ने कहा कि हम ओपीएस के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। वर्तमान में कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होंने के बाद उनके भविष्य को लेकर किसी प्रकार की कोई योजना नही है। केंद्र सरकार युवाओं के भविष्य के बारे में बिल्कुल भी चिंतित नही है। हमारी यह लड़ाई 21 जनवरी 2023 को शुरू हुई थी। अभी हम 21 सितंबर 2023 तक योजना बद्ध तरीके से माह की 21 तारीख को विरोध प्रदर्शन करेंगे। अगर केंद्र सरकार 21 सितंबर से पहले ओपीएस की घोषणा नहीं करती है तो हम सरकार से आर-पार की लड़ाई लड़ने की योजना बना कर लम्बा संघर्ष करेंगे।

### दिल्ली में भी सरकार को घेरने की योजना

मुकेश माथुर ने बताया कि सभी श्रमिक संगठन एकत्रित होकर दिल्ली में भी सरकार को घेरने की योजना बना रहे हैं। जयपुर मंडल अध्यक्ष सौरभ दीक्षित ने सभा के दौरान मंच संचालन करते हुए कहा कि यह सरकार युवा कर्मचारियों को नजरअंदाज करना बंद कर दे, वरना इसका परिणाम सरकार को आगामी चुनाव में भुगतना पड़ सकता है। रैली में नार्थ वेस्टर्न रेलवे के जयपुर अजमेर जोधपुर बीकानेर मंडल से 3000 से अधिक रेल कर्मचारी शामिल हुए।

## जरूरी खबर

### 13 साल से फरार इनामी अपराधी को किया गिरफ्तार



**चित्तौड़गढ़।** डीएसटी ने जेल तोड़ कर भागने के मामले में 13 साल से फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी अपराधी को पकड़ा है। गिरफ्तार आरोपी सलावटी मोहल्ला बेगूं निवासी असलम उर्फ राजू पुत्र बाबू खां है। अपराधी जेल से फरारी के बाद पुलिस से बचने के लिए गुजरात के मोरवी में काम कर रहा था। एसपी राजन दुष्यन्त ने बताया कि डीएसटी हेड कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह को मुखबिर से अभियुक्त असलम उर्फ राजू खां के मोरबी में फैक्ट्री में काम करने की सूचना मिली। पुलिस टीम को अभियुक्त मैगमा मिनरल फैक्ट्री में काम करता मिला।

### दो हादसों में तालाब में डूबने से चार की मौत

**बाड़मेर/पाली।** बाड़मेर और पाली जिलों में दो अलग-अलग हादसों में पानी में डूबने से चार बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बाड़मेर जिले के बायतु थाना क्षेत्र में बुधवार को तालाब में डूबने से दो किशोरों की मौत हो गई। बायतु थानाधिकारी बलदेव राम ने बताया कि मृतकों की पहचान रोशन (17) और विजय (15) के रूप में की गई है। एक अन्य हादसे में पाली जिले के सादडी थाना क्षेत्र के टिपरी गांव में बकरियां चराने के दौरान एक कुंड में पैर फिसलने से दो किशोरियों काजल (15) और मनीषा (14) की मौत हो गई।

### बदमाशों ने चाकू व बंदूक के बल पर लूटे 31 लाख रुपए



**कोटा।** शहर के गुमानपुरा इलाके में बुधवार को चाकू और बंदूक के बल पर व्यापारी के कर्मचारी से 31 लाख रुपए की लूट का मामला सामने आया है। इस दौरान बदमाशों ने चाकू मारकर कर्मचारी को घायल भी कर दिया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। यह पूरा घटनाक्रम रावतभाटा रोड पर गुमानपुरा सिंधी धर्मशाला के नजदीक सिंधी कॉलोनी एरिया का है। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार बाइक सवार 5 बदमाशों ने सामने से आ रहे स्कूटी सवार जीतू पर हमला कर दिया। कुछ देर के संघर्ष के बाद बदमाश पैसों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए।

---

**दौसा में मेगा जॉब फेयर:** कृषि विपणन राज्य मंत्री मुरारी लाल मीणा ने चयनित युवक-युवतियों को सौंपे ऑफर लेटर

# तेरह हजार अभ्यर्थी आए इंटरव्यू देने, डेढ़ हजार का सलेक्शन

बेधड़क | दौसा

कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग की ओर से बुधवार को दौसा स्थित राजेश पायलट स्टेडियम में 'राजस्थान मेगा जॉब फेयर' का आयोजन किया गया। जॉब फेयर में करीब 13 हजार अभ्यर्थी इंटरव्यू देने पहुंचे, जिनमें से 1 हजार 400 अभ्यर्थियों का प्राथमिक तौर पर चयन हुआ। साथ ही कई नामी कंपनियों ने अन्य युवाओं को अगले प्रोसेस के लिए शॉर्टलिस्ट किया। इस फेयर में किसी को सेल्स एंड मार्केटिंग मैनेजर, रिलेशनशिप ऑफिसर, मैकेनिकल की नौकरी मिली तो किसी का डिजिटल मार्केटिंग, रिसेप्शनिस्ट, कंस्ट्रक्शन टेक्नीशियन के पद पर चयन हुआ।



इस दौरान कृषि विपणन राज्य मंत्री मुरारीलाल मीणा, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग के शासन सचिव पीसी किशन, आयुक्त रेणु जयपाल व जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किए।

### सरकार निजी क्षेत्र में भी मुहैया करवा रही रोजगार: मीणा

मंत्री मीणा ने मेगा जॉब फेयर में आए हुए युवाओं को कहा कि देश में सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी की है। राज्य सरकार ने युवाओं को सरकारी क्षेत्र के साथ निजी क्षेत्र में रोजगार मुहैया कराकर इस समस्या के समाधान का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा की अनुपालना में राज्य में 100 मेगा जॉब फेयर लगाए जाएंगे। इसी क्रम में आज यहां जॉब फेयर लगाया गया है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में आगे बढ़ने की अपार संभावना है। इसलिए युवा प्राइवेट सेक्टर में मिल रहे इस अवसर का भरपूर फायदा उठाएं और नौकरी ज्वॉइन कर परिश्रम और अनुभव के बल पर जीवन में प्रगति करें। उन्होंने कहा कि दौसा में भी इंडस्ट्रीयल कॉरिडर बनना प्रस्तावित है, जहां भविष्य में तकनीकी रूप से दक्ष एवं अनुभवी युवाओं के लिए भरपूर अवसर होंगे।

### प्रशासन ने किए पुख्ता इंतजाम

शिविर को लेकर कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग तथा जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए। सुबह से ही यहां अभ्यर्थियों का पहुंचना शुरू हो गया। प्रत्येक कंपनी की अलग-अलग स्टॉल लगाई गई और बारी का इंतजार करने वाले युवाओं के लिए होल्डिंग एरिया बनाए गए। इसके अलावा अभ्यर्थियों के भोजन का भी इंतजाम किया गया।

### नामी कंपनियां हुई शामिल

कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग के शासन सचिव पीसी किशन ने कहा कि हमारे देश में इकॉनोमी ग्रोथ हो रही है और जीडीपी लगातार बढ़ रही है, लेकिन उस अनुपात में जॉब क्रिएशन नहीं हो पा रही है। राज्य सरकार इन जॉब फेयर के माध्यम से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। अब तक 11 जॉब फेयर आयोजित कर करीब 40 हजार युवाओं को नौकरी ऑफर की जा चुकी है। कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग की आयुक्त रेणु जयपाल ने बताया कि सुबह 9 से शाम 4 बजे तक जॉब फेयर में देशभर से निजी क्षेत्र की नामी कंपनियों ने भाग लिया। कंपनियों की ओर से अलग-अलग काउंटर लगाकर युवाओं का इंटरव्यू लेकर प्लेसमेंट किया गया। इस दौरान युवाओं को कॅरियर गाइडेंस और उनके फायदे के लिए चल रही योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

---

**कार्रवाई:** पाक से ड्रोन के जरिए भेजी गई थी नशे की बड़ी खेप

# पाक बॉर्डर पर बीस करोड़ की हेरोइन पकड़ी, 4 तस्कर दबोचे

बेधड़क | श्रीगंगानगर

घड़साना थाना क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मंगलवार देर रात दो किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई और इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। यह हेरोइन सीमा पार से ड्रोन से लाई गई थी।

पुलिस उपाधीक्षक (अनूपगढ) रामेश्वर लाल ने बुधवार को बताया कि बीएसएफ और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अनूपगढ़ कस्बे की टीबा पोस्ट और सुरमा पोस्ट के बीच गांव 22 एमडी के पास 4 किलोग्राम हेरोइन और ड्रोन बरामद किए गए। इस हेरोइन का बाजार मूल्य 20 करोड़ रुपए बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसी ड्रोन के माध्यम से सीमा पार से हेरोइन पहुंचाई गई थी। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान हेरोइन की खेप लेने आये कैलाश सैनी, जनाब अली, राजपाल, जयमल सिंह को गिरफ्तार किया गया है। सुरक्षा एजेंसियां पकड़े गए तस्करों से लगातार पूछताछ में जुटी हुई है। बता दें कि बीएसएफ ने एक महीने में चौथी बार पाक के मंसूबों पर पानी फेरते हुए नशे की बड़ी खेप पकड़ी है।

सुरक्षा एजेंसियों को पहले ही सूचना मिल गई थी कि सीमा पार से हेरोइन की बड़ी खेप भारत आने वाली है। एसपी परिस देशमुख के निर्देश पर डीएसटी और घड़साना पुलिस बॉर्डर पर पहुंची। देर रात बीएसएफ के जवानों व डीएसटी टीम ने घड़साना बॉर्डर पर एक ड्रोन को मार गिराया। साथ ही चार तस्करों को दबोच लिया। एक तस्कर हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा का रहने वाला है और दो तस्कर अन्य स्थानों से आए थे। चौथा तस्कर पंजाब का बताया जा रहा है।







### तस्करों ने करणपुर को बनाया नया अड्डा

श्रीगंगानगर जिले में पहले रायसिंह नगर, घड़साना, रावला और अब करणपुर इलाके के 23 ओ पोस्ट के नजदीक ड्रोन दिखाई दिया तो बीएसएफ जवानों द्वारा फायरिंग की गई। बढ़ती सख्ती के कारण पाकिस्तानी तस्कर भी तस्करी के लिए नए ठिकाने खोजने लगे हैं। अब पाक तस्करों ने करणपुर को नया केंद्र चुना है। यहां चौथी बार ड्रोन से हेरोइन की खेप भेजी गई, हालांकि चारों ही बार पाक तस्करों ने मुंह की खाई है। बीएसएफ ने यहां हाई अलर्ट करते हुए सुरक्षा भी बढ़ाने का फैसला किया है।

### एक महीने में चौथी बड़ी कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक परिस देशमुख के निर्देश पर लगातार पुलिस विभाग व खुफिया एजेंसी तस्करों को पकड़ने में जुटी हुई है। पिछले एक माह में पाक द्वारा 4 बार भारतीय सीमा पर हेरोइन की तस्करी की गई है, लेकिन हर बार बीएसएफ ने तस्करों को मात दी है। प्रदेश में नशा युवाओं को तेजी से खोखला करता जा रहा है। बीएसएफ द्वारा सीमा पर चौकसी में कमी नहीं है। धरपकड़ भी हो रही है, लेकिन सीमा पार (पाकिस्तान) से तस्करों का सीमावर्ती जिलों में फैला नेटवर्क सुरक्षा बलों और पुलिस को गच्चा देने में कामयाब हो रहे हैं।

### एजुकेशन हब निशाने पर

नशे की तस्करी के कारण पाक सीमा से सटे राजस्थान व पंजाब के युवाओं पर तस्करों की काली छाया पड़ गई है। ये तस्कर ड्रग्स सप्लाई का अपना कारोबार बढ़ाने के लिए सिर्फ युवाओं को टारगेट कर रहे हैं। पकड़े जाने वाले ज्यादातर ड्रग प्लेयर और तस्कर भी युवा ही हैं। तस्कर नेटवर्क को बढ़ाने के लिए युवाओं को ड्रग के ग्राहक बना रहे हैं।

---

**दलित छात्रा से दुष्कर्म व हत्या का मामला**

# आश्वासन पर धरना समाप्त, शव लेने को राजी हुए परिजन



### दो पुलिसकर्मियों को किया निलंबित

बेधड़क | बीकानेर

जिले में एक दलित छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या किए जाने के मामले में दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। बीकानेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) ओम प्रकाश ने बताया कि छात्रा के परिवार के सदस्यों ने खाजूवाला थाने के दो कांस्टेबलों सहित तीन लोगों का नाम लिया है। दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। शुरू में पीड़िता के परिजनों और रिश्तेदारों ने पोस्टमार्टम नहीं होने दिया और आरोपी की गिरफ्तारी, मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी की मांग को लेकर धरना दिया। बाद में पुलिस एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से वार्ता एवं आश्वासन के बाद शाम को पीड़िता के परिजन पोस्टमार्टम के बाद शव लेने को तैयार हो गए।

पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि उनकी निगरानी में एसआईटी से जांच, परिवीक्षाधीन आईपीएस द्वारा पुलिसकर्मियों पर लगे आरोपों की जांच, राज्य सरकार की ओर से 10 लाख और सामाजिक संस्थाओं से 15 लाख रुपए मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को संविदा नौकरी के आश्वासन पर परिजन धरना समाप्त करने पर सहमत हुए। गतिरोध खत्म होने पर बुधवार शाम पोस्टमॉर्टम शुरू हुआ। आईजी ने बताया कि मामले का मुख्य आरोपी दिनेश विश्नोई है और खाजूवाला थाने के दोनों पुलिस कांस्टेबलों से पूछताछ कर रही है।


---

**हादसा:** चरवाहे की सूचना पर पुलिस ने हटवाया मलबा

# जालोर में बारिश में ढहे मकान के मलबे से तीन शव बरामद

बेधड़क | जालोर

किशनगढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार को बिपॉरजाय चक्रवात के बाद भारी बारिश से ढहे मकान से एक ही परिवार के तीन सदस्यों के शव बरामद किए गए हैं। थानाधिकारी बाबूलाल ने बुधवार को बताया कि बिशनगढ़ थाना क्षेत्र के मूडी में अर्जुन सिंह राजपूत (70) उनकी पत्नी पवन कंवर (60), बेटी सोम कंवर (17) के शव मंगलवार शाम को ढहे मकान के मलबे से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजे गए। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला कि 17 जून की रात को बिपॉरजाय तूफान के दौरान अर्जुन सिंह का परिवार खेत पर बने कमरे के अंदर सो रहा था। उसी दौरान तेज हवा और बारिश होने से कमरे की दीवार गिर जाने से संभवतः पति-पत्नी और बेटी की मलबे में दबने से मौत हो गई थी। थानाधिकारी के अनुसार अर्जुन सिंह का परिवार खेत में बने कमरे में रह रहा था।



पुलिस के मुताबिक मंगलवार देर शाम को एक चरवाहे की सूचना पर पुलिस दल ने मौके पर पहुंच कर मलबे को हटाया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया तथा पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।

---

**पड़ोसी से विवाद के कारण लगवाए थे सीसीटीवी कैमरे**

# बुजुर्ग दंपती की सुरक्षा के लिए लगे CCTV कैमरों की पुलिस ने ही बदल दी डायरेक्शन

बेधड़क | झुंझुनूं

सेना से रिटायर्ड एक बुजुर्ग और उसकी पत्नी की सुरक्षा के लिए लगाए सीसीटीवी झुंझुनूं पुलिस को रास नहीं आ रहे हैं। आरोप है कि जिन लोगों से सुरक्षा के लिए बुजुर्ग दंपती ने कैमरे लगवाए थे, उन्हीं के कहने पर पुलिस ने घर में जबरदस्ती प्रवेश कर सीसीटीवी की दिशा बदल दी।

पुलिस का बुजुर्ग के घर में प्रवेश करने और सीसीटीवी की दिशा बदलने का पूरा कारनामा सीसीटीवी तक में कैद हो गया।





मामला झुंझुनूं के सिंघाना थाना इलाके के मांकडो गांव का है, जहां पर पड़ोसी के बार बार धमकाने व अन्य विवाद के चलते घर में अकेले रहने वाले बुजुर्ग दंपती ने सुरक्षा के लिए सीसीटीवी लगाए थे। बुहाना सीओ मुकेश चौधरी सिंघाना थाना क्षेत्र में स्थित मांकडो गांव में आधा दर्जन पुलिसकर्मियों को लेकर पहुंचे और घर में जबरदस्ती प्रवेश कर सीसीटीवी की दिशा बदल आए। इस पर बुजुर्ग दंपती ने आपत्ति की तो उन्हें धमकाया। बुजुर्ग दंपती का कहना है कि जिस कैमरे को सुरक्षा के लिए लगाया था, पुलिस ने उधर से ही कैमरे की दिशा बदल दी। मामले में सीओ, बुहाना मुकेश चौधरी का कहना है कि हां, मैं मौके पर गया था। पड़ोसी ने शिकायत की थी। इसलिए दंपती से पूछकर सीसीटीवी की दिशा बदल दी।

---

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास**

# योग-प्राणायाम से रहते हैं व्यक्ति के तन व मन दोनों स्वस्थ: रेहाना रियाज

बेधड़क | चूरू

नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर चूरू जिले में विभिन्न स्थानों पर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग की ओर से पुलिस लाइन मैदान में जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम जन ने योगाभ्यास किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेहाना रियाज ने कहा कि वर्तमान भागदौड़ की जिंदगी, खान-पान और जीवन शैली ने हर आदमी के सामने स्वास्थ्य का संकट पैदा कर दिया है। वर्तमान में व्यक्ति जिन चुनौतियों से सर्वाधिक जूझ रहा है, उनमें स्वस्थ रहने की चुनौती सबसे महत्त्वपूर्ण है। सरकार भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में भरपूर पैसा खर्च कर रही है, लेकिन इसके बावजूद व्यक्ति की अपनी जीवनशैली और संकल्प स्वस्थ रहने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

महिला आयोग की अध्यक्ष रेहाना रियाज ने कहा कि योग भारत की दुनिया को बहुत बड़ी देन है। अपनी जीवन शैली में योग को शामिल करने से बेहतर कुछ नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में इसे शामिल करना चाहिए। योग-प्राणायाम व्यक्ति के तन-मन दोनों को स्वस्थ रखते हैं। अच्छी बात यह है कि आज युवाओं और बुजुर्गों में योग को लेकर जागरूकता बढ़ रही है।

### प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में किया उल्लेखनीय कार्य

महिला आयोग अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य के प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ रखने की दिशा में निरोगी राजस्थान की संकल्पना की। साथ ही प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य का अधिकार मुहैया करवाया है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में आज गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को 25 लाख रुपए तक का निःशुल्क इलाज मुहैया करवाया जा रहा है, जो पूरी दुनिया में एक मिसाल है। पहले आम आदमी प्राइवेट अस्पतालों में महंगा इलाज करवाने के बारे में सोच भी नहीं पाता था, लेकिन आज प्रदेश की जनता सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ निःशुल्क ले पा रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो कार्य किया है, वह पूरे देश में उदाहरण बन रहा है और दूसरे प्रदेशों से रोगी यहां इलाज करवाने के लिए आने लगे हैं।



### योग के विभिन्न आसनों का करवाया अभ्यास

अतिरिक्त जिला कलेक्टर लोकेश गौतम ने कहा कि योग हमें स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हम सभी को नियमित तौर पर योगाभ्यास करना चाहिए। आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र मीणा, उपअधीक्षक राजेंद्र बुरडक, डॉ. संजय तंवर, महबूब खान, बजरंग हर्षवाल, कुलदीप महरोक, रामचंद्र गोयल, एसबीआई बैंक के मनीष दाधीच, पशुपालन विभाग के सहायक निदेशक डॉ. निरंजन चिरानियां सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि, नर्सिंग प्रशिक्षणार्थी, नागरिक मौजूद रहे। योग प्रशिक्षक डॉ. संतरा देवी एवं अरविंद ने कार्यक्रम के प्रोटोकॉल में शामिल सूक्ष्म क्रिया, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्द्धचक्रासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, भद्रासन,उष्ट्रासन, शशांक आसन, वक्रासन, मकरासन, शलभासन, भुजंगासन, सेतुबंध आसन, उत्तान पादासन, अर्द्धहलासन आदि का अभ्यास करवाया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शिक्षण संस्थानों में हुए योग कार्यक्रम

# स्टूडेंट्स के योग में दिखा एक्साइटमेंट, डेडिकेशन और ग्रेस का अनूठा फ्यूजन

**बेधड़क** | जयपुर

शरीर को तोड़ने-मरोड़ने वाले आसनों को साधने की जोर आजमाइश, प्राणायाम में अपने श्वांस के सहारे जीवन के सूत्र को पकड़ने की कोशिश और ध्यान की अटूट शांति में विराट के साथ एकाकार होने का प्रयास।

ऐसे दृश्य बुधवार को शहर के विभिन्न संस्थानों में देखने को मिले। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इन संस्थानों में स्टूडेंट्स टीचर्स के साथ योग को साधते नजर आए। योगाचार्यों के नेतृत्व में स्टूडेंट्स ने योग की तकनीक को समझा, फायदों को जाना और इस संबंध में लोगों को जागरुक किया।

### चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने खोला योग का खाता



भारतीय सीए संस्थान की जयपुर शाखा ने कोगटा फाउंडेशन व जय क्लब के साथ मिलकर योग दिवस मनाया। सेंट्रल कॉन्सिल मेंबर सीए प्रकाश शर्मा, जयपुर शाखा अध्यक्ष सीए विष्णु अग्रवाल व सचिव अंकुर गुप्ता के नेतृत्व में सीए सदस्यों ने उत्साहपूर्वक योग किया। योगगुरू अनामिका कोठारी ने योग की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास कराया। इस दौरान उन्होंने योग के विभिन्न फायदे भी बताए। योगाभ्यास के दौरान सीए सदस्यों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

### संपूर्ण मानवता के लिए है योग



शारीरिक शिक्षा विभाग, खेल बोर्ड, एनसीसी और एनएसएस यूनिट व सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम ऑफ आईआईएस जयपुर की ओर से यूनिवर्सिटी कैंपस में मनाए गए कार्यक्रम में सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न प्राणायाम और आसन का प्रदर्शन किया गया। आईआईएस यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ.अशोक गुप्ता व रजिस्ट्रार डॉ.राखी गुप्ता ने मौजूदा दौर में योग की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। हर घर आंगन योग थीम पर हुए इस सत्र में योग प्रशिक्षक शरद कामरा ने योग के फायदे बताए।

### ISIM में हुआ हास्य योग

इन्टरनेशनल स्कूल ऑफ इन्फोर्मेटिक्स एण्ड मैनेजमेन्ट, टेक्निकल कैम्पस की एनएसएस सेल समुत्थान और इन्दिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी जयपुर की ओर से आईएसआईएम परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योगपीस संस्थान के योग निदेशक मनीष विजयवर्गीय ने स्टूडेंट्स और टीचर्स को हास्य योग सहित योग की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास कराया। प्राचार्या डॉ. मंजू नायर ने आगन्तुकों का आभार जताया।

### NCC कैडेट्स के अनुशासन ने जीता दिल



राजस्थान एनसीसी निदेशालय एवं जयपुर ग्रुप मुख्यालय की ओर से अल्बर्ट हॉल में 'स्वस्थ संसार के लिए भारत का है एक अन्तरराष्ट्रीय आह्वान, वसुधैव कुटुंबकम् के सिद्धांत पर वन वर्ल्ड वन हेल्थ' विषय पर योग दिवस जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि राजस्थान निदेशालय एनसीसी के उप महानिदेशक एयर कमोडोर ललित कुमार जैन थे। कार्यक्रम का संचालन 7 राज इंडेप कंपनी के कमान अधिकारी कर्नल जितेंद्र कुमार ने किया । कार्यक्रम में जयपुर स्थित सभी बटालियन के कमान अधिकारी, सहयोगी एनसीसी अधिकारी, पी आई स्टाफ, सिविल स्टाफ, एन सी सी आर्मी, एयर विंग, नेवी विंग के 300 से ज्यादा कैडेट्स ने भाग लिया । राज्य की 200 संस्थाओं में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर करीब 40,000 कैडेट्स ने योग किया।

### उत्साह के साथ किया योग



महारानी कॉलेज में प्रिंसिपल प्रो. निमाली सिंह सहित शिक्षकों, विद्यार्थियों व कर्मचारीयों ने सामूहिक योग अभ्यास किया। इस दौरान स्टूडेंट्स ने विशेष उत्साह देखने को मिला। योगगुरू रमाकांत मिश्रा और कृतिष्का के नेतृत्व में सभी ने आसन व प्राणायाम का अभ्यास किया।

### हाइब्रिड मोड में हुआ सेशन



एमएनआईटी में परिसर स्थित चिल्ड्रन पार्क में हुए आयोजन में 500 से अधिक छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों के साथ उन्नत भारत अभियान के तहत गोद लिए गए पांच गांवों के विद्यार्थी, ग्रामीण, केंद्रीय विद्यालय के स्टूडेंट व संस्थान परिसर स्थित सरकारी स्कूल के स्टूडेंट भी शामिल हुए। हाईब्रिड मोड में हुए कार्यक्रम में कैंपस से बाहर के लोगों ने भी ऑनलाइन भाग लिया। संस्थान निदेशक प्रो. एनपी पाढ़ी ने कहा कि एक संतुलित और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने में योग का अभूतपूर्व योगदान है। डीएसडब्ल्यू प्रो. महेश कुमार जाट ने धन्यवाद दिया। योग प्रशिक्षण योगाचार्य नीलम कुमार के नेतृत्व में दिया गया।

### योग को दिनचर्या में शामिल करें



राजकीय महाविद्यालय कंवरनगर ब्रह्मपुरी में राष्ट्रीय सेवा योजना व स्वामी विवेकानंद कन्याकुमारी केंद्र जयपुर की ओर से योग सेशन आयोजित किया गया। योगगुरु राजेश सोनी व लक्ष्मीनारायण शर्मा के नेतृत्व में कॉलेज के स्टूडेंट्स, स्टाफ और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक योग किया। प्राचार्या डॉ. सुमन भाटिया ने सभी को योग का महत्व बताते हुए योग को दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी विवेक कुमार चूलेट ने धन्यवाद दिया।

### छात्राओं के साथ टीचर्स ने किया योग



रामबाग चौराहा स्थित एसएस जैन सुबोध पीजी महिला महाविद्यालय में योग गुरु दिनेश सैनी ने छात्राओं और व्याख्याताओं को शारीरिक व मानसिक तनाव से मुक्ति के लिए योग आसन सिखाए। उन्होंने सभी को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का सुझाव दिया। प्राचार्या डॉ. रेनू जोशी ने योग की महत्ता पर प्रकाश डाला और वर्तमान परिवेश में योग की आवश्यकता को समझाया। उप प्राचार्य डॉ. इंदु शर्मा ने छात्राओं के साथ कदम से कदम मिलाकर योग किया । कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नेहा वार्ष्णेय ने किया।

## Yuva स्टोरीज



**CLAT-2024 का पैटर्न बदला |**
**जयपुर।** नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज के अंडर ग्रेजुएट कोर्सेज में प्रवेश के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा क्लैट के पैटर्न में बदलाव किया गया है। नए पैटर्न में परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों की संख्या घटा दी गई है। कंसोर्टियम ऑफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज ने ये बदलाव केवल यूजी कोर्सेस में प्रवेश के लिए क्लैट-2024 के लिए किए हैं। पीजी कोर्सेस में एडमिशन लेने के लिए आयोजित होने वाली क्लैट पीजी परीक्षा- 2024 में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है। साथ ही क्लैट-2024 की एग्जाम डेट भी तय कर दी गई है। नोटिफिकेशन के अनुसार क्लैट-2024 का आयोजन 3 दिसंबर 2023 को तय केंद्रों पर किया जाएगा। परीक्षा का दिन रविवार होगा। परीक्षा से संबंधित सिलेबस, एप्लीकेशन और कांउसलिंग प्रोसेस की जानकारी जल्द ही जारी कर दी जाएगी।

**अब पूछे जाएंगे 120 सवाल:** क्लैट यूजी में पिछले साल तक कुल 150 सवाल पूछे जाते थे जिन्हें अब घटाकर 120 कर दिया गया है। परीक्षा के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पहले भी उम्मीदवारों को पेपर हल करने के लिए दो घंटे मिलते थे और अब भी दो घंटे ही मिलेंगे। सवालों के फॉर्मेट में भी कोई अंतर नहीं किया गया है। परीक्षा में इंग्लिश लैंग्वेज, करंट अफेयर, रीजनिंग और क्वांटिटिव टेक्निक सेक्शन के तहत ही सवाल पूछे जाएंगे। परीक्षा में हर सवाल एक अंक का होगा व हर गलत जवाब के लिए 0.25 अंक काटा जाएगा।



**CUET आज व कल, एडमिट कार्ड जारी |**
**जयपुर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने सीयूईटी-यूजी के फाइनल फेज एग्जाम के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। एडमिट कार्ड ऑफिशियल वेबसाइट https://cuet.samarth.ac.in/ पर उपलब्ध हैं। इस एग्जाम में शामिल होने वाले कैंडिडेट्स ऑफिशियल पोर्टल पर जाकर उपलब्ध लिंक की मदद से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। देश के केंद्रीय विश्वविद्यालयों व अन्य विश्वविद्यालयों के अंडर ग्रेजुएट कोर्सेज में प्रवेश के लिए एनटीए की ओर से यह परीक्षा 22 और 23 जून को कराई जाएगी। इस एग्जाम के बाद अब जल्द ही आंसर-की जारी होगी। एनटीए ने इस संबंध में जारी नोटिफिकेशन में आंसर की, प्रोविजनल आंसर-की पर ऑब्जेक्शन और रिजल्ट की तारीख के संबंध में जानने के लिए उम्मीदवारों को ऑफिशियल वेबसाइट पर नजर रखने को कहा है।

**अकाउंटेंट के 5388 पदों की भर्ती प्रक्रिया शुरू |**
**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने अकाउंटेंट के 5388 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया के तहत जूनियर अकाउंटेंट और तहसील में रेवेन्यू अकाउंटेंट के पदों को भरा जाएगा। नोटिफिकेशन के अनुसार 5190 पद पर जूनियर अकाउंटेंट और 198 पदों पर तहसील राजस्व लेखाकार की भर्ती की जाएगी। आवेदन ऑनलाइन भरना होगा। इन पदों का विज्ञापन बोर्ड की आफिशियल वेबसाइट rsmssb.rajasthan.gov.in पर जारी किया गया है। ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए sso.rajasthan.gov.in पर जाना होगा। इस वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया 27 जून से शुरू होगी। आवेदन की अंतिम तिथि 26 जुलाई है। परीक्षा की संभावित तिथि 17 सितंबर है। आवेदन के लिए आवेदक की आयु कम से कम 21 साल व अधिकतम 40 साल तय की गई है। आयु सीमा में आरक्षण के आधार पर नियमानुसार छूट दी जाएगी। ऑनलाइन आवेदन के लिए 600 रुपए शुल्क चुकाना होगा। इडब्ल्यूएस, एससी व एसटी कैटेगरी के लिए 400 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है।

**डॉ. सुमन मौर्य अंबेडकर अध्ययन केंद्र की निदेशक नियुक्त |**
**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय अंबेडकर अध्ययन केंद्र के निदेशक पद पर राजनीति विज्ञान विषय की शिक्षक डॉ. सुमन मौर्य ने बुधवार को कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर छात्रों व शिक्षकों ने डॉ. मौर्य को बधाई व शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि डॉ. सुमन मौर्य राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयनित होकर अल्प समय के लिए सेवा देने के बाद पिछले कुछ समय पूर्व ही राजस्थान विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में एक शिक्षक के रूप में नियुक्त हुई हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय में मेघावी छात्रा के रूप में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय गोल्ड मेडल भी प्राप्त किया है।



**महिला सशक्तिकरण पर व्याख्यान आज:** अंबेडकर अध्ययन केंद्र की ओर से 'डॉ. भीमराव अंबेडकर के चिंतन में महिला सशक्तिकरण' विषय पर गुरुवार को विशेष व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा। यह विशेष व्याख्यान मोतिहारी केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो. सुनील महावर द्वारा दिया जाएगा।

## MNIT में कल छात्रों से मिलेंगे उपराष्ट्रपति

**बेधड़क** | जयपुर

देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को एमएनआईटी जयपुर में शिक्षाविद संवाद बैठक 'एनईपी-2020' में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। एमएनआईटी जयपुर की अपनी यात्रा के दौरान धनखड़ बैठक में भाग लेने के साथ ही संस्थान के स्टूडेंट्स से भी रूबरू होंगे। एमएनआईटी निदेशक प्रो. एन पी पाढ़ी ने बताया कि उपराष्ट्रपति शिक्षाविद् संवाद बैठक के दौरान शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं और एनईपी- 2020 के महत्व पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के कुलपतियों, निदेशकों, प्रधानाचार्यों, एमएनआईटी के डीन और विभाग प्रमुखों के साथ चर्चा करेंगे। इसके साथ ही वे यूजी,



पीजी और पीएचडी कार्यक्रमों के ऐसे छात्रों से बातचीत करेंगे जिन्होंने शिक्षा, खेल और उद्यमिता डोमेन में अच्छा प्रदर्शन किया है। बातचीत के दौरान उपराष्ट्रपति एनईपी 2020 और पूरे देश में शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति के बारे में अपना दृष्टिकोण साझा करेंगे। छात्र भी एनईपी के कार्यान्वयन पर अपने विचार रखेंगे।

इनीशिएटिव | सरकारी स्कूलों में होगी कॅरियर काउंसलिंग

## स्टूडेंट्स के लिए कॅरियर 'पथ प्रदर्शक' बनेंगे शिक्षक

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के सरकारी स्कूलों से 10वीं पास कर चुके स्टूडेंट्स को 11वीं में विषय चयन के लिए अब ऑथेंटिक सलाह मिल पाएगी। प्रदेश का शिक्षा विभाग नए शैक्षणिक सत्र के आगाज के साथ ही राज्य के सभी सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूलों में 10वीं पास कर चुके स्टूडेंट्स को विषय चयन का मार्गदर्शन देने के लिए 'कॅरिअर काउंसलिंग' की शुरुआत करने जा रहा है।

स्कूल शिक्षा विभाग ने इसके लिए 'डायल फ्यूचर' इनीशिएटिव के तहत 28 जून से 5 जुलाई तक सभी जिलों के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई है।



### कॅरियर के अनुसार विषय चुन पाएंगे स्टूडेंट

स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने बताया कि दसवीं कक्षा में पास होने के बाद विद्यार्थियों में अपनी रुचि, क्षमता और अभिवृत्ति के आधार पर कॅरिअर गोल्स को ध्यान में रखते हुए उचित विषय के चयन की समझ विकसित करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है। इससे विद्यार्थी कॅरिअर विकल्पों के अनुसार सब्जेक्ट चुनने को प्रेरित होंगे। तैयारी में माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, आरएससीईआरटी की टीम के साथ अन्य अधिकारी, कार्मिक और शिक्षक सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### हैल्प डेस्क संचालित करेगी शिक्षकों की टीम

'डायल फ्यूचर' और 'फ्यूचर स्टेप्स' इनिशिएटिव के तहत स्कूलों से एक-एक शिक्षक का 'पथ प्रदर्शक' के रूप में चयन, इनके आमुखीकरण के लिए 'मॉड्यूल' निर्माण, स्टेट रिसोर्स ग्रुप तैयार करने एवं हैल्प डेस्क स्थापित करने का कार्य आरएससीईआरटी की ओर से पूरा कर लिया गया है। जयपुर, कोटा, जोधपुर और बीकानेर जोन में हैल्प डेस्क बनाई गई हैं। इन जोन्स में प्रत्येक हैल्प डेस्क का संचालन 5 अनुभवी शिक्षकों की टीम करेगी।

### शिक्षामंत्री 27 को करेंगे कार्यक्रम लॉन्च

प्रदेश के सीनियर सैकेंडरी विद्यालयों से पथ प्रदर्शक के रूप में चयनित शिक्षकों की आमुखीकरण कार्यशाला 27 जून को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर राजीव गांधी सेवा केंद्रों पर वीसी के माध्यम से ऑनलाइन होगी। इसी दिन शिक्षा मंत्री डॉ. बी डी कल्ला एवं शिक्षा राज्यमंत्री जाहिदा खान इस कार्यक्रम को लॉन्च करेंगे। इस अवसर पर वे पथ प्रदर्शक शिक्षकों से संवाद भी करेंगे। राज्य एवं संभाग स्तर पर हेल्प डेस्क दल 30 जून से 5 जुलाई तक प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक परामर्श कार्यक्रम संचालित करेंगे। वहीं प्रदेश के सभी सरकारी सीनियर सैकेंडरी विद्यालयों में 28 जून से 5 जुलाई तक डीईओ और सीबीईओ के निर्देशन में संस्था प्रधान विद्यार्थियों के लिए परामर्श कार्यक्रम चलाएंगे।

## 'महाकाल लोक' में देव मूर्ति प्रतिमा निर्माण

# भ्रष्टाचार भी और पर्दादारी भी?



निर्मल रानी
स्वतंत्र लेखिका



*किसी प्रतिमा की गर्दन टूटकर अलग हो गई तो कुछ प्रतिमाओं के हाथ अलग हो गए थे। कभी सोचा भी नहीं जा सकता कि लगभग 350 करोड़ रुपए की लागत से बनी एक महत्वपूर्ण धार्मिक परियोजना मात्र सात महीने बाद ही मामूली हवा का झोंका सहन न करते हुए तिनके की तरह बिखर जाएगी। खबर है कि महाकाल लोक के निर्माण का ठेका भी गुजरात की ही किसी 'एमपी बाबरिया' नामक कंपनी के पास था। याद कीजिए इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत वर्ष 16 जुलाई को जालौन के कथेरी गांव से बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का शुभारंभ किया था।*

*इसके निर्माण में हल्के फाइबर का इस्तेमाल तो किया ही गया था साथ ही मूर्तियों के भीतर लोहे व सरिए के फ्रेम भी नहीं बनाए गए थे। इसे केवल और केवल सरकारी संरक्षण में होने वाली संगठित लूट ही कहा जा सकता है अन्यथा सरकार द्वारा भ्रष्टाचारियों पर उंगली उठाई जाती न कि भ्रष्टाचार पर सवाल उठाने वालों पर? जनहित याचिकाएं दायर करने वाले लोग तो प्रायः किसी न किसी राजनीतिक दल या विचारधारा से ही जुड़े होते हैं।*

उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर के नए परिसर में 'महाकाल लोक' नामक एक गलियारे का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत 11 अक्टूबर 2022 को पूरे धार्मिक एवं उल्लासपूर्ण वातावरण के साथ किया था। महाकाल लोक के गलियारे में 'सप्तऋषि मंडल' नाम से सप्तऋषियों की प्रतिमाएं स्थापित की गईं थीं। यहां जिन सप्तऋषियों की प्रतिमाएं लगाई गई थीं उनमें ऋषि वशिष्ठ, ऋषि विश्वामित्र, ऋषि कण्व, ऋषि भारद्वाज, ऋषि अत्री, ऋषि वामदेव तथा ऋषि सुनक थे। फाइबर रेनफोर्स प्लास्टिक से निर्मित इन मूर्तियों की ऊंचाई 10 फीट से 25 फीट के मध्य थी।

बताया जाता है कि महाकाल लोक निर्माण में लगभग 350 करोड़ रुपए की लागत आई थी। परन्तु अपने उद्घाटन के मात्र सात माह बाद अर्थात गत 28 मई (रविवार) को 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा के कारण महाकाल लोक में लगी छह मूर्तियां गिरकर खंडित हो गईं और पेडस्टल से नीचे गिरकर उड़ती हुई दूर जा गिरीं। इसके बाद सभी सप्तऋषियों की प्रतिमाओं को महाकाल लोक की पार्किंग के पीछे छिपा दिया गया और इन्हें ढक दिया गया, ताकि इन खंडित प्रतिमाओं की जानकारी आम लोगों को न मिल सके और टूटी मूर्तियां देखकर 'सप्तऋषि मंडल' के निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की वजह से लोगों में आक्रोश न पैदा हो। किसी प्रतिमा की गर्दन टूटकर अलग हो गई तो कुछ प्रतिमाओं के हाथ अलग हो गए थे।

कभी सोचा भी नहीं जा सकता कि लगभग 350 करोड़ रुपए की लागत से बनी एक महत्वपूर्ण धार्मिक परियोजना मात्र सात महीने बाद ही मामूली हवा का झोंका सहन न करते हुए तिनके की तरह बिखर जाएगी। खबर है कि महाकाल लोक के निर्माण का ठेका भी गुजरात की ही किसी 'एमपी बाबरिया' नामक कंपनी के पास था। याद कीजिए इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत वर्ष 16 जुलाई को जालौन के कथेरी गांव से बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का शुभारंभ किया था। उद्घाटन के साथ ही यह एक्सप्रेस-वे आवागमन के लिए खोल दिया गया था। उस समय सरकार के अधिकारियों ने एक्सप्रेस-वे को पूरी गुणवत्ता के साथ रिकॉर्ड समय में पूरा करने का दावा करते हुए अपनी पीठ खुद ही थपथपाई थी। परन्तु उद्घाटन करने के मात्र 5 दिन बाद ही बरसात की पहली बारिश में ही इसी एक्सप्रेस-वे की सड़कें जगह जगह से धंस गईं।

कई जगह 1 फुट गहरे गड्ढे हो गए। कुछ जगहों पर तो सड़क पर 8 फीट लंबा व 1 फुट गहरा गड्ढा हो गया था। बाद में इस रास्ते को मरम्मत के लिए बंद करना पड़ा था। चित्रकूट से इटावा तक बने इस 296 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेस-वे को 14800 करोड़ की लागत से बनाया गया था। इस एक्सप्रेस-वे के क्षतिग्रस्त होने के बाद भारतीय जनता पार्टी सांसद वरुण गांधी ने अपने ट्वीट के माध्यम से यह कहा था कि- '15 हजार करोड़ की लागत से बना एक्सप्रेस-वे अगर बरसात के पांच दिन भी न झेल सके तो उसकी गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं। इस प्रोजेक्ट के मुखिया, सम्बंधित इंजीनियर और जिम्मेदार कंपनियों को तत्काल तलब कर उन पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी।' पिछले दिनों में गुजरात सहित देश के अनेक राज्यों से ऐसे कई समाचार आए जिनसे पता चला कि कहीं कोई निर्माणाधीन परियोजना मुकम्मल होने से पहले ही ध्वस्त हो गई तो कोई उद्घाटन से पहले दो-दो बार ढह चुकी। यह ऐसे समय में हो रहा है जब विभिन्न सरकारें भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का ढिंढोरा पीट रही हैं। परन्तु भ्रष्टाचार से भी ज्यादा कष्टदायक स्थिति तब पैदा होती है जब सरकारें भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने व भ्रष्टाचारियों को बचाने का प्रयास करते हुए भ्रष्टाचार को उजागर करने या उस पर सवाल उठाने वालों पर ही उंगली उठाने लगती हैं।

जब उंगली उठाने वालों को 'पहले खुद अपने गिरेबान में झांककर देखने' जैसे प्रवचन देने लगती हैं। उदाहरण के तौर पर महाकाल लोक की मूर्तियों के खंडित होने के मामले में मध्य प्रदेश कोर्ट में गत दिनों एक जनहित याचिका दायर की गई। यह जनहित याचिका कांग्रेस नेता केके मिश्रा ने दायर की थी। याचिका में महाकाल लोक के निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा गया था कि ठेका लेने वाली कंपनी ने मूर्तियों की जिस गुणवत्ता का दावा निविदा में किया था, उस गुणवत्ता की मूर्तियां नहीं लगाई गईं। मूर्तियों के इस तरह से खंडित होने से श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। याचिका में इस पूरे मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त जज से करवाने की मांग करते हुए जिम्मेदारों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की गई थी।

परन्तु मध्य प्रदेश सरकार ने इस याचिका का विरोध करते हुए तर्क दिया कि- 'यह याचिका चलन योग्य ही नहीं है। सरकार ने याचिका निरस्त करने की मांग भी की। 42 पेजों में दर्ज कराई गई अपनी आपत्ति में सरकार ने कहा कि जनहित याचिका राजनीति से प्रेरित है। याचिकाकर्ता कांग्रेस के नेता हैं। उन्होंने प्रचार पाने के लिए जनहित याचिका लगाई है।' क्या ऊपर लिखित शब्दों में भ्रष्टाचार सम्बन्धी याचिका का सरकार द्वारा विरोध करना भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने व भ्रष्टाचारियों को बचाने का प्रयास नहीं? इस घटना के बाद अनेक विशेषज्ञों के बयानों से साफ जाहिर हुआ कि मूर्ति निर्माण की गुणवत्ता सही नहीं थी। इसके निर्माण में हल्के फाइबर का इस्तेमाल तो किया ही गया था साथ ही मूर्तियों के भीतर लोहे व सरिए के फ्रेम भी नहीं बनाए गए थे। इसे केवल और केवल सरकारी संरक्षण में होने वाली संगठित लूट ही कहा जा सकता है अन्यथा सरकार द्वारा भ्रष्टाचारियों पर उंगली उठाई जाती न कि भ्रष्टाचार पर सवाल उठाने वालों पर? जनहित याचिकाएं दायर करने वाले लोग तो प्रायः किसी न किसी राजनीतिक दल या विचारधारा से ही जुड़े होते हैं। इसका अर्थ यह तो नहीं कि उनकी याचिकाएं निरस्त करने की सिफारिश इसी आधार पर की जाए कि याचिकाकर्ता अमुक राजनीतिक दल से सम्बद्ध है? इसका तो सीधा मतलब है कि देव मूर्ति प्रतिमा निर्माण में भ्रष्टाचार भी और उस पर पर्दादारी भी?

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

---

**व्यंग्य**

# एक सोच ऐसी भी...



राजेंद्र बज
व्यंग्यकार

मैं सोचता बहुत हूं, उठते-बैठते, चलते-फिरते, और तो और सोते-जागते भी दिन-रात सोचता रहता हूं। सोचते-सोचते मैंने समाज व देश के विषय में भी बहुत कुछ सोचा है। अब यह अलग बात है कि अपने घर के टूटे-फूटे ओटले से कहीं अधिक समाज व राष्ट्र के नवनिर्माण की चिंता ही अधिक सताती रही है।

इससे मुझे लाभ भी हुआ और हानि भी। व्यक्तिगत जीवन में चाहे गैर जिम्मेदार समझ लिया जाऊं, लेकिन सार्वजनिक तौर पर विचारक के रूप में जाना जाता हूं। वैसे मैं अकेला नहीं हूं, मेरे जैसे और भी हैं जो अपने से कहीं ज्यादा दीन-दुनिया की सुध लेने वाले हैं। जी हां, घाघ राजनीतिज्ञों की भांति मैं भी सिद्धांतों को आचरण में नहीं उतारता लेकिन परस्पर चर्चा में नीति और सिद्धांतों पर अधिक जोर दिया करता हूं।

कुछ तटस्थ आलोचकों की दृष्टि में मुझ में राजनीतिक गुण पाया जाता है। कुल मिलाकर मुद्दे की बात यह है कि अपनों से ज्यादा परायों की चिंता में मैं दिन-रात घुले जाता हूं। दरअसल यह दोहरा चरित्र व्यक्तिगत और सार्वजनिक जीवन में अलग-अलग मायने रखता है। खैर, हजार बात की एक बात यह है कि मैं अपनी स्थिति से संतुष्ट हूं। क्योंकि जानने-पहचानने वाले के लिए मैं जो कुछ हूं- चाहे नकारात्मक ही सही किंतु अनजान लोगों के लिए आदर्श उपस्थित करते-करते मैं अनजान लोगों के लिए आदर्श बन चुका हूं।

वास्तव में एक अकेला मैं ही नहीं, अपितु हर आदमी में दो आदमी होते हैं। जी हां, एकदम सही समझे आप ठीक हाथी की भांति- खाने के दांत अलग और दिखाने के दांत अलग। जाहिर है, चबाने वाले दांत दिखाई नहीं देते और दिखाई देने वाले दांत चबाने के काम नहीं आते। यानी कि जो दिख रहा है वह बाहरी आवरण है और जो दिखाई नहीं दे रहा- वही हकीकत है। सीधे-सीधे कहा जाए तो ऐसा दोहरा चरित्र व्यापक विस्तार पाता जा रहा है। वैसे तो मूल रूप से सभी दिगंबर हैं, लेकिन जो आवरण है- वहीं बाहरी दुनिया को दिखाई देता है। कुल मिलाकर बात दरअसल यह है कि इस देश में हर आदमी एक दूसरे को उपदेश दे रहा है। इन उपदेशों को आत्मसात करने की जहमत कोई नहीं उठाता। हर कोई ज्ञान का भंडार लुटा रहा है, अच्छी-अच्छी सबसे अच्छी बात कही जाती है, लेकिन उसे व्यवहारिक जीवन में उतारने का प्रयास नहीं किया जाता। जैसे दिया तले अंधेरा होता है, ठीक वैसे ही ज्ञानियों के ज्ञान के पीछे अज्ञान की छाया होती है लेकिन दिखाई नहीं देती। 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे' यही चरित्र राजनीति एवं समाज में दिखाई देता है। वैसे भी इस देश में विचार ही विचार हैं, लेकिन आचार और व्यवहार में कहीं विचार दिखाई नहीं देता। एक प्रकार से आप और हम दोहरा जीवन जी रहे हैं।

जैसे हम अपने मुखमंडल के सुंदर से सुंदर चित्र की चाहत में अलग-अलग पोज देते हैं, ठीक वैसे ही हम जो हैं- और जैसे हैं, उससे कहीं अधिक बेहतर दिखाई देने की आस करते हैं। इतना सब कुछ जो लिखा गया, सोचते-सोचते ही लिख दिया गया है। अब यह कतई जरूरी नहीं है कि जो मैंने सोचा उसी को उकेरा है। क्योंकि अब विश्वास की गारंटी कोई नहीं दे सकता।

---



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
प्रमुख थिंक टैंक से जुड़े लोगों के एक समूह से मुलाकात की। हमने नीति निर्माण के विभिन्न पहलुओं और उभरती वैश्विक प्रवृत्तियों के बारे में बात की। भारत में सकारात्मक बदलावों पर जोर दिया और बताया कि कैसे वे हमारे युवाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
योग अपनी सीमाओं को पार करने और अस्तित्व की सार्वभौमिक प्रकृति का अनुभव करने के बारे में है। एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य - मानवता के लिए आगे का रास्ता

---

**यादों की पोटली से...**

# सीमा लांघता लालच कर रहा इन्हें समझौते करने को मजबूर



मुकुल गोस्वामी,
लेखक आकाशवाणी व दूरदर्शन कमेंटेटर, खिलाड़ी और प्रसारणकर्मी हैं

*बीते दिनों अमिताभ बच्चन जी के पान मसाले के विज्ञापन पर गजब प्रतिरोध उठा। स्वाभाविक था, जननायक से करोड़ों लोग प्रेरित होते हैं। उस हेरोइज्म का दुष्परिणाम हो सकता है।*




फाइल फोटो

वो जमाना याद है क्या जनाब, जब अखबारों में डॉक्टर्स, सट्टे, ज्वैलरी और कई चमत्कारों के विज्ञापन नहीं छपते थे। मुझे याद है हम एक अखबार में तम्बोला के एक नम्बर का रोज प्रकाशन करना चाहते थे। एड़ी से चोटी का जोर लग गया पर नहीं संभव हुआ। रेडियो पर शाम को शेयर बाजार के भाव देना चाहते थे। सिर्फ भाव जो भी स्टॉक एक्सचेंज में क्लोज हुए उन्हें प्रसारित करना चाहते थे ताकि जनता को शाम को ही पता चल जाए कि उनके बेचे खरीदे शेयर का भाव क्या था। तब अखबारों में सुबह शेयर के भाव छपते थे और ब्रोकर्स भाव देखकर सौदों को मेनुपुलेट कर लेते थे। लेकिन तब अखबार और मीडिया के कुछ स्वयं निर्मित आचार संहिता थी जिनका वो अक्षरशः पालन करते थे।

रेडियो में एक जूरी होती थी जो विज्ञापन के कंटेंट निर्धारित करती थी। यहां तक कि गानों को भी खुद सेंसर करती थी। धीरे-धीरे परिस्थितियां बदल गई। बाजारवाद हावी होता गया और आचार संहिता लुप्त होती गई। पहले एक अखबार अकेला था तो उसकी दादागिरी चली, उसके बाद एक नया अखबार आया तो तम्बोला खुद खिलाने लगा। फिर सबके मापदंड बदल गए। बीते दिनों अमिताभ बच्चन जी के पान मसाले के विज्ञापन पर गजब प्रतिरोध उठा। स्वाभाविक था, जननायक से करोड़ों लोग प्रेरित होते हैं। उस हेरोइज्म का दुष्परिणाम हो सकता है। एक व्यक्तिगत बातचीत में उन्होंने क्षुब्ध होते हुए कहा कि सरकार उत्पादन की तो आज्ञा देती है पर प्रचार का विरोध करती है। नुकसान तो उत्पादन से भी है। प्रश्न सामयिक था। शराब का उत्पादन कर सकते हैं पर कुछ जगह विक्रय निषेध है।

खैर बात प्रचार माध्यमों की चल रही थी। आज अखबार में कहीं भी आप विज्ञापन छपा सकते हैं। किसी भी न्यूज के बीच में, कहीं भी। विज्ञापन भी समाचार की तरह छप जाते हैं भले ही आप भ्रमित हों। कल्याण धर्म युद्ध लड़ रही थी, उन्होंने ताजीवन विज्ञापन नहीं छापे। धर्म के संवाद के बीच बीड़ी का विज्ञापन छपता तो कैसा लगता? विज्ञापन दाता कोई भी मानसिक दबाव न डाल सके इसके लिए आजीवन आर्थिक स्त्रोत स्वयं सहायता समूह ही बनाया। आज अखबारों की रीढ़ की हड्डी क्यूंकर कमजोर हो रही है। जब आप सरकारी विज्ञापनों के आश्रित रहेंगे तो सच छापने के लिए हिम्मत कहां से लाएंगे? टीवी चैनल्स भी राजनीतिक विचारधाराओं के मसीहा बने हुए हैं तो स्वतंत्रता कहां दिखेगी, दिखेगी तो बिकेगी नहीं। पर क्या यही पृथ्वी का आखिरी सत्य है। कतई नहीं। सत्य ये है कि मनुष्य की स्वयं के लालच की कोई सीमा ही नहीं रही है। इसीलिए उसे समझौते करने पड़ते हैं। आईएएस ऑफिसर पोस्टिंग के लालच में सत्ता का अंध समर्थन करते हैं। राजनेता पद की लालसा में अंध भक्त बन जाते हैं।

मीडिया का अपना स्वार्थ है और परिणाम है आप सत्य से बेखबर प्रचार की दुनिया जो दिखा रही है देख रहे हैं। ये मनुष्य की धन पिपासा का ही परिणाम है कि सहवाग, गावस्कर और कपिल जैसे खिलाड़ी फिल्मी सितारों की तरह पान मसाला या इलायची चबा रहे हैं। भाई कोई उनसे पूछे की सात पीढ़ी का धन तो आपके पास है फिर ये कौन सा धन है जो आप जहर का विज्ञापन करके कमाना चाहते है? 45 से ज्यादा प्रोडक्ट से अनुबंधित होने के बाद भी वो क्या है जो बॉलीवुड के बादशाह को पान मसाला खाने को मजबूर करता है। हमारे एक मित्र थे ललित मेहता, एक दिन बोले- मुकुल जी क्या मैं इन दोनों अखबारों पर मुकदमा कर सकता हूं? मैं अखबार में समाचार पढ़ने के लिए 5 रुपए देता हूं और ये मेरे पैसे से, मैं नंबर वन वो नम्बर दो के बड़े-बड़े विज्ञापन छापकर खुद का प्रचार करके मेरे एक पन्ने का समाचार खा जाते हैं। आज आपके गाढ़े टैक्स की कमाई से राज्य सरकारें सरकारी प्रगति के विज्ञापन दूर-दराज के राज्यों में प्रकाशित करती हैं, जिसका क्या औचित्य है? न तो वो सूचना हैं ना हीं उनके लाभ का विषय। जिस दिन 100 करोड़ की सड़क बरसात से पहले बनने पर आपकी रूह आपनी गाढ़ी कमाई का यूं अपव्यय होते देख रोए नहीं, तब तक ये सब चलता रहेगा। जिस दिन आम आदमी ने दुशासन का हाथ रोक दिया, तब एक नए युग की शुरुआत होगी।

## जीतन मांझी की अमित शाह से मुलाकात: विपक्षी दलों की पटना में बैठक से पहले नई सियासी हलचल

# राजग का फिर बढ़ेगा कुनबा, बिहार में अब 'हम' का मिलेगा साथ

एजेंसी | नई दिल्ली

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी की पार्टी हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) जल्द ही राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल हो जाएगी। हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन ने यह घोषणा की। मांझी और समुन ने बुधवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय भी उपस्थित थे। राय बिहार के उजियारपुर से सांसद हैं। शाह से मुलाकात के बाद सुमन ने संवाददाताओं को संबोधित करते



हुए कहा,मुलाकात हुई है और बहुत अच्छे वातावरण में बातें हुई हैं। सभी मुद्दों पर बात करने के बाद एक सहमति बनी है। हम निश्चित रूप से हम साथ चलने को तैयार हैं। उन्होंने कहा, आज हमने सहमति जता दी है कि हम राजग के साथ रहेंगे। आने वाले समय में चर्चा होगी कि हम कितने सीटों पर लड़ेंगे।

### नीतीश सरकार से कर लिया था किनारा

ज्ञात हो कि हम ने सोमवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। उनके इस कदम के बाद से उनके राजग में शामिल होने की चर्चा जोरों पर थी। बिहार विधानसभा में 'हम' के मांझी सहित चार विधायक हैं। बिहार विधान परिषद के सदस्य सुमन ने एक सप्ताह पहले राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। मांझी ने आरोप लगाया था कि नीतीश कुमार उनकी पार्टी का जनता दल (यूनाइटेड) में विलय करने का दबाव डाल रहे थे।

### 2015 में मिला लिया था भाजपा से हाथ

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में जद (यू) की करारी हार के बाद नीतीश कुमार द्वारा मुख्यमंत्री पद के लिए चुने गए मांझी ने 2015 में जब कुमार को कुर्सी सौंपने की बात आई थी तो बगावत कर दी थी और भाजपा से हाथ मिला लिया था। वह 2019 के लोकसभा चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेतृत्व वाले गठबंधन का हिस्सा थे। इस चुनाव को जद (यू) और भाजपा ने एक साथ लड़ा था। बिहार के कुछ हिस्सों में 'मांझी' समुदाय में जीतन राम मांझी का खासा प्रभाव है। सत्तारूढ़

### पटना बैठक में विपक्ष करेगा द्विध्रुवीय मुकाबले पर मंथन

**पटना।** बिहार में भाजपा जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को झटका देते हुए मांझी को राजग से जोड़ने में सफल रही है, वहीं नीतीश अगामी लोकसभा चुनाव में देश में द्विध्रुवीय लड़ाई की तैयारी में जुटे हैं। पटना में 23 जून को गैर भाजपा विपक्षी दलों की बैठक प्रस्तावित है। इसमें 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ विरोधी विपक्षी दलों को एकजुट करने पर मंथन होगा। समझा जाता है कि बैठक में इस बात पर विचार हो सकता है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत राजग को सीधी टक्कर देने के लिए विपक्षी दल मिलकर एक ही प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारें। राजद और जेडीयू के नेताओं ने इस तरह का फॉर्मूला तैयार किया हैं जिस पर बैठक में सहमति बनाने के प्रयास किए जाएंगे। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार नए गैर भाजपा विपक्षी दलों को सीटों बंटवारे को लेकर सबसे ज्यादा दिक्कत उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, पश्चिम बंगाल में होगी जहां अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी, अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी और ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस का सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस से भी मुकाबला है।

### नड्डा आज से झारखंड व ओडिशा के दौरे पर



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा गुरुवार से झारखंड और ओडिशा के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह अपनी पार्टी के 'संपर्क से समर्थन' अभियान के तहत विशिष्ट लोगों से मुलाकात करेंगे। भाजपा मीडिया विभाग के प्रभारी अनिल बलूनी ने बुधवार को कहा कि वह झारखंड और ओडिशा में एक-एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे और दोनों राज्यों में कई संगठनात्मक बैठकों में हिस्सा लेंगे। बयान में कहा गया कि नड्डा गुरुवार को झारखंड के गिरिडीह जिले में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। गिरिडीह में कुछ अन्य कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद भाजपा अध्यक्ष ओडिशा रवाना हो जाएंगे। ओडिशा में वह झारसुगुडा स्थित भाजपा कार्यालय में बरगढ़ लोकसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

## प. बंगाल पंचायत चुनाव: हाई कोर्ट का निर्देश


# 24 घंटे में केंद्रीय बलों को किया जाए तैनात

एजेंसी | कोलकाता

कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) को पंचायत चुनावों में तैनाती के लिए 24 घंटे के भीतर 82,000 से अधिक केंद्रीय बलों के कर्मियों की मांग करने का बुधवार को निर्देश दिया।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली एक खंडपीठ ने कहा कि एसईसी ने राज्य में 2013 के पंचायत चुनावों के दौरान 82,000 केंद्रीय बलों के जवानों की मांग की थी। एसईसी ने अदालत को सूचित किया कि उसने आठ जुलाई के पंचायत चुनावों के लिए अब तक केंद्रीय बलों की छह कंपनियों की मांग की है। अदालत ने इस बात का भी संज्ञान लिया कि 2013 में पश्चिम बंगाल में जिलों की संख्या 17 थी, जो बढ़कर वर्तमान में 22 हो गई है, और इन 10 वर्षों में मतदाताओं की संख्या में भी वृद्धि हुई है। अदालत ने एसईसी को निर्देश दिया कि वह 24 घंटे में पर्याप्त संख्या में केंद्रीय कर्मियों की मांग करे। अदालत ने निर्देश दिया कि केंद्रीय बलों की जितनी कंपनियों की मांग की जानी है, उनकी संख्या 2013 के चुनावों से अधिक होनी चाहिए। आदेश को अव्यवहार्य बनाने के किसी भी प्रयास के प्रतिकूल परिणाम हो सकते हैं। एसईसी के वकील ने दलील दी कि अदालत को जो भी पर्याप्त लगता है, उसकी मांग तुरंत केंद्र सरकार से की जाएगी।

### दस्तावेजों में छेड़छाड़ की होगी CBI जांच



कलकत्ता हाई कोर्ट ने पंचायत चुनाव के लिए हावड़ा जिले के उलूबेरिया आई प्रखंड में एक निर्वाचन अधिकारी द्वारा कथित रूप से कागजों से छेड़छाड़ करने के मामले में बुधवार को सीबीआई को जांच करने का आदेश दिया। दो याचिकाकर्ताओं ने पंचायत चुनाव के निर्वाचन अधिकारी के खिलाफ आरोप लगाते हुए दावा किया कि संबंधित अधिकारी ने नामांकन पत्र दाखिल किए जाते समय उनके जमा किये गए दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ की थी और गलत सूचनाएं दर्ज कीं। याचिकाकर्ताओं के वकील सब्यसाची चटर्जी ने कहा कि दोनों प्रत्याशी ओबीसी-ए श्रेणी के हैं और उनके पास उचित प्रमाणपत्र हैं, लेकिन पंचायत चुनाव अधिकारी के दस्तावेजों में अन्य श्रेणी का उल्लेख है। न्यायाधीश अमृता सिन्हा ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के संयुक्त निदेशक को निर्देश दिया कि पांच जुलाई तक आरोपों के मामले में जांच करें और सात जुलाई को अदालत में उसकी रिपोर्ट जमा करें। मामले में अगली सुनवाई उसी दिन होगी। याचिकाकर्ताओं ने छेड़छाड़ के आरोपों में स्वतंत्र एजेंसी द्वारा जांच का अनुरोध किया था। आरोप है कि इस तरह की घटनाएं अन्य स्थानों पर भी हुई हैं। राज्य निर्वाचन आयुक्त और राज्य सरकार के वकील ने दलील दी कि उन्हें आरोपों की जांच की अनुमति मिलनी चाहिए।

### भाजपा-जजपा गठबंधन पर कोई संशय नहीं



एजेंसी | भिवानी

हरियाणा के सत्तारूढ़ गठबंधन में खींचतान की अटकलों के बीच उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बुधवार को कहा, अभी कोई संशय नहीं है और फिलहाल सब ठीक है। चौटाला यहां चरखी दादरी नई अनाज मंडी में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। हरियाणा में भाजपा और जननायक जनता पार्टी गठबंधन में रार की अटकलों पर उन्होंने कहा, गठबंधन सरकार ने प्रदेश के विकास के लिए जनहित में काम किया और आगे भी ऐसा करती रहेगी। हम चुनाव की घोषणा के बाद ही गठबंधन पर चर्चा करेंगे, फिलहाल सब ठीक है। कांग्रेस-इनेलो के बीच गठबंधन की चर्चा पर चौटाला ने कहा, पिछले छह महीने से हम ऐसी चर्चा सुन रहे हैं...।भाजपा और जजपा अपने-अपने स्तर पर संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम कर रही हैं।

## अजित का नया दांव

# नेता प्रतिपक्ष पद में मुझे दिलचस्पी नहीं, संगठन में सौंपे जिम्मेदारी

एजेंसी | मुंबई



राकांपा के वरिष्ठ नेता अजित पवार ने बुधवार को पार्टी नेतृत्व से अपील की कि वह उन्हें महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी से मुक्त कर दे और उन्हें पार्टी संगठन में कोई भूमिका सौंपे। मुंबई में आयोजित, राकांपा के 24 वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में अजित ने यह मांग रखी।

ताजा अटकलों को हवा देने वाली एक टिप्पणी में अजित पवार ने कहा, मुझे बताया गया है कि मैं नेता प्रतिपक्ष के तौर पर सख्त व्यवहार नहीं करता हूं। उन्होंने कहा, मुझे नेता प्रतिपक्ष के रूप में काम करने में कभी दिलचस्पी नहीं थी, लेकिन पार्टी विधायकों की मांग पर यह भूमिका स्वीकार की थी। मेरी मांग पर फैसला करना राकांपा नेतृत्व पर निर्भर है। पवार ने महा विकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन सरकार गिरने के बाद पिछले वर्ष जुलाई में नेता प्रतिपक्ष का पदभार संभाला था। तत्कालीन एमवीए सरकार में वह उपमुख्यमंत्री थे। शिवसेना में विद्रोह के कारण तत्कालीन एमवीए सरकार गिर गयी थी। गौरतलब है कि राकांपा प्रमुख शरद पवार ने हाल ही में अपनी बेटी और सांसद सुप्रिया सुले को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त कर महाराष्ट्र की जिम्मेदारी सौंपी थी, जबकि दूसरे कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल को उन्होंने अन्य राज्यों की जिम्मेदारी दी। अजित पवार ने कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति और प्रकाश आम्बेडकर की अध्यक्षता वाली वंचित बहुजन आघाड़ी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा, वर्ष 2019 में, वीबीए ने अकेले कांग्रेस-राकांपा गठबंधन को नुकसान पहुंचाया था। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि समान विचारधारा वाले दलों के बीच मतों का विभाजन न हो।

### सुधाकरन को CB के सामने पेश होने का निर्देश

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के. सुधाकरन को निर्देश दिया कि वह प्राचीन वस्तुओं के कारोबारी मोन्सन मावुंकल से जुड़े धोखाधड़ी के एक मामले में 23 जून को अपराध शाखा के सामने पेश हों। न्यायाधीश जियाद रहमान एए ने कहा कि अगर सुधाकरन को गिरफ्तार किया जाता है तो उन्हें 50,000 रुपए के मुचलके और इतनी ही राशि की दो प्रतिभूतियों (जमानत) को जमा करने पर जमानत पर रिहा किया जाए। यह आदेश दो सप्ताह के लिए प्रभाव में रहेगा। उसने सुधाकरन को जांच में सहयोग करने और मामले में गवाहों को धमकाने या प्रभावित करने की कोशिश नहीं करने का निर्देश दिया।

## कांग्रेस का आरोप

# BJP कर्नाटक में हारी तो चावल की बिक्री की बंद

एजेंसी | नई दिल्ली



कांग्रेस ने खुला बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत केंद्रीय पूल से राज्य सरकारों को चावल और गेहूं की बिक्री बंद किए जाने को लेकर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी पर फिर निशाना साधा और आरोप लगाया कि कर्नाटक की जनता द्वारा खारिज किए जाने के बाद केंद्र सरकार ने यह कदम उठाया।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि खाद्य सुरक्षा हमेशा सबसे अहम होनी चाहिए। रमेश ने दावा किया, 13 जून, 2023 को केंद्र सरकार ने एक परिपत्र जारी कर एफसीआई से ओएमएस योजना के तहत राज्यों को चावल की बिक्री पर रोक लगा दी। कर्नाटक एफसीआई को 3400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान करने के लिए तैयार है। परंतु बिक्री बंद कर दी गई। केंद्र ने हाल में खुला बाजार बिक्री योजना के तहत केंद्रीय पूल से राज्य सरकारों को चावल और गेहूं की बिक्री बंद कर दी है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार, राज्य सरकारों के लिए ओएमएसएस (घरेलू) के तहत गेहूं और चावल की बिक्री बंद कर दी गई है।

### राकांपा ने मनाया स्थापना वर्ष



*मुंबई। राकांपा प्रमुख शरद पवार पार्टी के 24वें स्थापना दिवस पर रजत जयंती वर्ष की शुरुआत के लिए मुंबई में आयोजित समारोह में पार्टी के अन्य नेताओं के साथ।* - पीटीआई

## मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव

# शाह आज करेंगे दुर्गावती गौरव यात्रा का आगाज

एजेंसी | भोपाल

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को बालाघाट में रानी दुर्गावती की वीरता और बलिदान गाथा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए छह दिवसीय गौरव यात्रा की शुरुआत करेंगे। मध्य प्रदेश में अगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर इसे अहम माना जारहा है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जून को शहडोल में इस गौरव यात्रा का समापन करेंगे। रा ये यात्राएँ बालाघाट, छिंदवाड़ा, सिंगरामपुर (जबेरा-दमोह), उनके जन्म स्थान कालिंजर किला (उत्तरप्रदेश) और धौहनी (सीधी) से आरंभ होकर शहडोल पहुंचेंगी।



### सिंधिया की भावी भूमिका पर संदेह : जयवर्धन सिंह

**इंदौर।** कांग्रेस नेता जयवर्धन सिंह ने बुधवार को कहा कि तीन साल पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले ज्यातिरादित्य सिंधिया की उनके गृह राज्य मध्यप्रदेश में भावी भूमिका संदिग्ध है। उनके समर्थकों को मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में दोबारा भाजपा का टिकट मिलेगा या नहीं इस पर भी संदह है।


## केजरीवाल का विपक्षी दलों के नेताओं को पत्र

# अध्यादेश का दिल्ली में प्रयोग, विपक्षी नेता पटना बैठक में करें विचार

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विपक्षी नेताओं को पत्र लिखकर 23 जून को होने वाली गैर-भाजपा दलों की बैठक में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं के नियंत्रण को लेकर केंद्र के अध्यादेश पर चर्चा करने और मामले पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है।

केजरीवाल ने विपक्षी नेताओं से कहा कि वे इसे दिल्ली केंद्रित समस्या के तौर पर नहीं सोचें और दावा किया कि यदि विरोध नहीं किया गया तो भाजपा के नेतृत्व वाला केंद्र अन्य राज्यों के लिए भी इसी तरह का अध्यादेश ला सकता है। ज्ञात रहे कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से मुकाबला करने के लिए संयुक्त रणनीति बनाने के लिए शुक्रवार को पटना में बुलाई है। इस बैठक में केजरीवाल भी शामिल होने



वाले हैं। केजरीवाल ने पत्र में इस बात पर जोर दिया कि बैठक में चर्चा केंद्र के अध्यादेश से संबंधित विधेयक को राज्यसभा में पारित नहीं होने देने पर केंद्रित होनी चाहिए। उन्होंने कहा, केंद्र ने इस अध्यादेश को लाकर दिल्ली में एक प्रयोग किया है। यदि यह सफल होता है, तो यह गैर-भाजपा राज्यों में समान अध्यादेश लाएगा और समवर्ती सूची वाले विषयों के संबंध में शक्तियों को छीन लेगा। यह पत्र 20 जून को लिखा है।

### राज्यसभा में पारित नहीं होने देने की रणनीति पर की जाए चर्चा

केजरीवाल ने कहा, वह दिन दूर नहीं जब प्रधानमंत्री 33 राज्यों में उपराज्यपालों और राज्यपालों के माध्यम से शासन चलाएंगे। मैं सभी दलों से अनुरोध करता हूं कि वे बैठक में अध्यादेश पर अपना रुख स्पष्ट करें और संसद में इसे पारित नहीं होने देने की रणनीति पर भी चर्चा करें। केजरीवाल ने दावा किया कि अध्यादेश लोकतंत्र के लिए बहुत खतरनाक है। उन्होंने कहा, यह मान लेना गलत होगा कि इस तरह का आदेश केवल दिल्ली के संदर्भ में लाया जा सकता है क्योंकि यह एक अर्ध-राज्य है। इसी तरह के आदेश के माध्यम से, केंद्र सरकार किसी भी पूर्ण राज्य के अधिकारों को छीन सकती है जिसका उल्लेख समवर्ती सूची में है। इसलिए, सभी दलों और व्यक्तियों के लिए एकसाथ आना और यह सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है कि यह किसी भी परिस्थिति में संसद में पारित नहीं हो।


### विधेयक संसद में पारित हुआ दिल्ली में लोकतंत्र का अंत


केजरीवाल ने इस बात पर जोर दिया कि यदि अध्यादेश से संबंधित कोई विधेयक संसद में पेश किया जाता है तो विपक्षी दलों को एकसाथ आने और यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि यह पारित नहीं हो सके। यदि यह विधेयक संसद में पारित हो जाता है, तो यह दिल्ली में लोकतंत्र का अंत होगा। दिल्ली के लोगों के पास अपनी इच्छा के अनुसार सरकार चुनने की कोई शक्ति नहीं होगी। केंद्र सरकार उपराज्यपाल के माध्यम से सीधे दिल्ली पर शासन करेगी। चाहे जनता किसी भी पार्टी को चुने, उनके पास कोई शक्ति नहीं होगी। दिल्ली के बाद, सभी राज्यों में एक-एक करके लोकतंत्र को समाप्त कर दिया जाएगा।केजरीवाल ने दिल्ली के नागरिकों के साथ एकजुटता से खड़े होने और केंद्र द्वारा लागू किए गए असंवैधानिकअध्यादेश का दृढ़ता से विरोध करने के लिए सभी विपक्षी दलों को धन्यवाद दिया।

### विधेयक में है प्राधिकरण बनाने का प्रस्ताव

केंद्र ने 19 मई को दिल्ली में ग्रुप-ए के अधिकारियों के स्थानांतरण और पदस्थापना पर एक प्राधिकरण बनाने के लिए अध्यादेश जारी किया था, जिसे 'आप' नीत सरकार ने सेवाओं पर नियंत्रण से जुड़े उच्चतम न्यायालय के फैसले के साथ धोखा करार दिया था। शीर्ष अदालत के 11 मई के फैसले से पहले दिल्ली सरकार में सभी अधिकारियों के स्थानांतरण और पदस्थापना के मामले उपराज्यपाल के कार्यकारी नियंत्रण में थे। अध्यादेश के बाद, केजरीवाल गैर-भाजपा दलों के नेताओं से लगातार संपर्क करके इसके खिलाफ समर्थन जुटाने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि संसद में इससे संबंधित विधेयक पारित न हो पाए।

## योगमय हुआ भारत



*नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बुधवार को पूरा देश योगमय नजर आया। हिमालय की चोटियों से लेकर समुद्र तक योग किया गया। हिमालय की चोटियों पर सेना के जवानों और आईटीबीपी के जवानों ने योग किया तो समुद्र की लहरों पर नौसेना के युद्धपोंतों पर योग किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी इसमें शामिल हुए। इसके अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत अनेक हस्तियां योगाभ्यास में शामिल हुईं।*








### गैंगस्टर गोल्डी बरार की हनी सिंह को धमकी

**नई दिल्ली।** गायक हनी सिंह ने बुधवार को दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराकर आरोप लगाया कि उन्हें कनाडा में रहने वाले गैंगस्टर गोल्डी बरार से धमकियां मिली हैं। सिंह ने कहा कि उन्हें यह धमकियां 'वॉइस नोट' (ऑडियो संदेश) और कॉल के माध्यम से दी गई हैं। गायक ने पत्रकारों से कहा, मेरे कर्मचारियों और मुझे गोल्डी बरार के नाम से फोन कर धमकी दी गई है।

### असम में बाढ़ से 1.2 लाख लोग प्रभावित

**गुवाहाटी।** असम में बाढ़ की स्थिति बुधवार को और बदतर हो गई तथा सैलाब से 10 जिलों के तकरीबन 1.2 लाख लोग प्रभावित हैं। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की रिपोर्ट के मुताबिक, बक्सा, बरपेटा, दरांग, धेमाजी, धुब्री, कोकराझार, लखीमपुर, नलबाड़ी, सोनितपुर और उदलगिरी जिलों में बाढ़ की वजह से 1,19,800 लोग प्रभावित हैं।

## भारत-अमेरिकी रिश्तों मे आज बन सकता है नया इतिहास

# रक्षा की डगर पर नया सफर!

**बेधड़क** | वाशिंगटन

असैन्य परमाणु सहयोग समझौते के साथ भारत- अमेरिका के रिश्तों में शुरू हुआ नया दौर गुरुवार को नए मुकाम पर पहुंचने की उम्मीद है। अमेरिका की राजकीय यात्रा पर आए भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के बीच गुरुवार को प्रस्तावित मुलाकात में सैन्य क्षेत्र में सहयोग का नया दौर शुरू होने की उम्मीद है।

भारत यद्यपि नाटो या नाटो प्लस में शामिल होने से इनकार कर चुका है, लेकिन इस बात की प्रबल संभावना है कि आने वाले समय में भारत के साथ अमेरिका का सैन्य सहयोग नाटो या अमेरिका के सहयोगी देशों की तर्ज पर आगे बढ़ सकता है। चीन के उदय और दक्षिण सागर में बढ़ते उसके आक्रामक रुख के चलते भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों को नई दिशा मिली है। यूक्रेन -रूस युद्ध के बाद बदलते भू राजनीतिक समीकरणों से यह सहयोग भारत के लिए और भी अहम हो गया है।




### क्या है भारत की चिंता

- चीन पाकिस्तान के अलावा भारत के अन्य पड़ोसी देशों के साथ अपने सैन्य रिश्ते मजबूत कर रहा है। वह नेपाल, बांग्लादेश, म्यांमार, श्रीलंका व मालद्वीव के साथ सैन्य सहयोग बढ़ाने के प्रयास कर भारत की सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती पेश कर रहा है।
- चीन ने हिंद महासागर में अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। उसके सैन्य पोत नियमित अंतराल में हिंद महासागर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहे हैं।
- चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा पर लद्दाख में आक्रामक रुख अपना रहा है। वहां सैन्य तैनाती बढ़ा दी व सैन्य ढांचा लगातार मजबूत कर रहा है।
- अपना परमाणु व मिसाइल जखीरा लगातार उन्त बना रह है।
- पाकिस्तान को अत्याधुनिक हथियारों की आपूर्ति कर रहा है।

दोनों देश विक्रेता-क्रेता के रिश्तों से आगे बढ़कर उन्नत हथियार प्रणालियों के साझा विकास और उत्पादन में सहभागी की राह पर चलने का करार कर सकते हैं। 22 जून को बाइडन और मोदी के बीच होने वाली शिखर वार्ता इसका रोडमैप बन सकता है।

### क्या करेंगे भारत और अमेरिका

#### जेट इंजनों पर समझौता

- जेट इंजनों के सह-उत्पादन के लिए एक सौदे की संभवत: घोषणा संभव। इससे भारत की रक्षा उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और स्वेदेशी लड़ाकू विमानों के निर्माण में तेजी आएगी। यह समझौता दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग में अहम बदलाव लाएगा।

#### एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन की खरीद

- एमक्यू-9बी खरीद पर समझौता होने की उम्मीद है। यह चीन के खिलाफ भारत की रक्षा प्रणाली को मजबूती प्रदान करेगा। हिंद महासागर में चीनी समुद्री गतिविधियों पर नजर रखने की भारत की नौसैनिक निगरानी क्षमताओं में सुधार होगा। भारत और अमेरिका आपूर्ति की सुरक्षा व्यवस्था और पारस्परिक रक्षा खरीद समझौता पर बातचीत शुरू करने को तैयार हैं। वार्ता पूरी होने के बाद दोनों देशों के रक्षा उद्योग एक साथ काम करेंगे।

#### यह होगा फायदा

- दोनों समझौते दीर्घकालिक आपूर्ति श्रृंखला स्थिरता को बढ़ावा देंगे।

#### इन क्षेत्रों में सहयोग भी है एजेंडे में

- दोनों देशों के बीच दूरसंचार, अंतरिक्ष, सेमीकंडक्टर जैसी नई प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विश्वस्त आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने का एजेंडा भी प्रमुख रहेगा। इस दौरान दो बड़े रक्षा सौदों को अंतिम रूप दिया जा सकता है। इनमें जीई के साथ भारत में युद्धक विमानों के इंजन निर्माण व ड्रोन से जुड़े समझौते शामिल हैं।

## मणिपुर से पड़ोसी राज्य में पलायन

# मिजोरम के स्कूलों में हुआ 1500 बच्चों का दाखिला

**एजेंसी** | इंफाल/आइजोल

हिंसाग्रस्त मणिपुर में स्कूलों में पढ़ाई होने की आशंका के चलते अनेक लोग अपने पडोसी राज्य मिजोरम में बच्चों को स्कूलों में दाखिला करा रहे हैं। अपने परिवारों के साथ आए 1,500 से अधिक बच्चों ने मिजोरम के विभिन्न स्कूलों में दाखिला लिया है। आंकड़ों के अनुसार, मंगलवार तक पड़ोसी राज्य मणिपुर के 11,870 लोगों ने मिजोरम के 11 जिलों में पनाह ली। मिजोरम के शिक्षा निदेशक लालसंगलियाना ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि विस्थापित बच्चों को सरकारी स्कूलों में निशुल्क दाखिला दिया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों की स्थिति पर विचार करते हुए उन्हें आवश्यक दस्तावेज न होने के बावजूद स्कूलों में दाखिला लेने की अनुमति दी गई। मिजोरम ने केंद्र से वित्तीय सहायता की उम्मीद जताई है।

### फिर हुई गोलीबारी

**इंफाल।** मणिपुर के दो क्षेत्रों में रुक-रुककर गोलीबारी होने की सूचना मिली है। अधिकारियों के मुताबिक, मणिपुर ईस्ट के थंगजिंग क्षेत्र में गोलीबारी रुकने से पहले स्वचालित हथियारों से 15 से 20 राउंड गोलियां चलने की आवाज सुनाई दी। कांगचुप क्षेत्र में गेलजैंग और सिंगडा से भी रुक-रुककर गोलीबारी होने की सूचना मिली है। एक अधिकारी ने कहा, मंगलवार को रात आठ बजे से रात साढ़े नौ बजे के बीच गेलजैंग और सिंगडा में चार से पांच राउंड गोलियां चलीं।

### 'हिंसा से राष्ट्र की आत्मा पर आघात'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मणिपुर में हिंसा पर दुख जताते हुए बुधवार को कहा कि इसने राष्ट्र की अंतरात्मा पर गहरा आघात किया है। उन्होंने प्रदेश के लोगों से शांति एवं सौहार्द की अपील की और उम्मीद जताई कि मणिपुर के लोग इस त्रासदी से उबरेंगे। सोनिया गांधी ने एक वीडियो संदेश में यह बात कही।

## विश्व आर्थिक मंच की रिपोर्ट

# वैश्विक लैंगिक सूचकांक में सुधार, 127वें स्थान पर हम

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लैंगिक समानता के मामले में भारत का स्थान 146 देशों में 127वां हो गया है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट, 2023 के अनुसार भारत की स्थिति में पिछले साल की तुलना में आठ स्थान का सुधार हुआ है। लेकिन वह बांग्लादेश, भूटान जैसे अपने कई पड़ोसी देशों से पीछे है।

डब्ल्यूईएफ ने 2022 की अपनी रिपोर्ट में वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक में भारत को 146 में 135वें स्थान पर रखा था। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछली बार से भारत की स्थिति में 1.4 प्रतिशत अंकों और आठ स्थानों का सुधार हुआ है और यह 2020 के समानता स्तर की ओर आंशिक रूप से पहुंचा है। रिपोर्ट के अनुसार देश में शिक्षा के सभी स्तरों पर पंजीकरण में समानता प्राप्त की है। भारत ने अपने 64.3 प्रतिशत लैंगिक अंतराल को पाट दिया है। हालांकि, इसमें रेखांकित किया गया है कि आर्थिक सहभागिता और अवसर को लेकर भारत केवल 36.7 प्रतिशत समानता के स्तर पर पहुंचा है।



### पाक 142 वें स्थान पर

इस सूचकांक में भारत के पड़ोसी देशों-पाकिस्तान का स्थान 142वां है जबकि बांग्लादेश का 59वां स्थान, चीन का 107वां स्थान, नेपाल का 116वां स्थान, श्रीलंका का 115वां स्थान और भूटान का 103वां स्थान है।

### आइसलैंड शीर्ष पर

आइसलैंड लगातार 14वें साल दुनिया का सबसे अधिक लैंगिक समानता वाला देश बना हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में जहां महिलाओं के वेतन और आय के मामले में थोड़ी वृद्धि हुई है, वहीं वरिष्ठ पदों और तकनीकी भूमिकाओं में महिलाओं की भागीदारी पिछली रिपोर्ट के बाद से मामूली कम हुई है।

### राजनीतिक सशक्तीकरण में सुधार

राजनीतिक सशक्तिकरण पर, भारत ने 25.3 प्रतिशत समानता हासिल की है, जिसमें सांसदों में 15.1 महिलाएं हैं। यह 2006 में आई पहली रिपोर्ट के बाद से देश में महिला सांसदों की सर्वाधिक संख्या है। केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने इस साल की शुरुआत में कहा था कि डब्ल्यूईएफ को अपनी लैंगिक अंतराल रिपोर्ट में स्थानीय सरकारी निकायों में महिलाओं की भागीदारी का आकलन करना होगा।

### लिंगानुपात में 1.9 प्रतिशत की वृद्धि

विश्व आर्थिक मंच की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के लिए जन्म के समय लिंगानुपात में 1.9 प्रतिशत अंक की वृद्धि से एक दशक तक धीमी प्रगति के बाद समानता बढ़ी है। दक्षिण एशिया क्षेत्र ने 63.4 प्रतिशत लैंगिक समानता हासिल की है और यह आठ क्षेत्रों में दूसरी सबसे कम लैंगिक समानता है।

## भागवत ने की एकजुटता की हिमायत

# कुछ देश कर रहे समाज को बांटने की कोशिश



**एजेंसी** | नागपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि जो देश भारत की प्रगति नहीं चाहते, वे यहां के समाज को बांटने की कोशिश कर रहे हैं।

नागपुर के जगन्नाथ मंदिर में मंगलवार को दर्शन करने के बाद उन्होंने कहा, राक्षसी ताकतें भारत की प्रगति का विरोध करती हैं और आंतरिक कलह भड़काकर परेशानी खड़ी करने पर तुली हुई हैं। ये राक्षसी ताकतें लोगों के बीच दुश्मनी पैदा करने के लिए विभिन्न मुद्दों का इस्तेमाल कर रही हैं। भागवत ने एक दूसरे के साथ सद्भाव से रहने के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा, जब तक हम एकजुट हैं, तब तक दुनिया में ऐसी कोई ताकत नहीं है जो हमें हरा सके। यही कारण है वे हमें तोड़ने की कोशिश करते हैं।



# सेहत और सुकून का 'योग'

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजधानी में विभिन्न आयोजन

**जयपुर।** 9वें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर पूरी राजधानी योगमय हो गई। शहरभर में जनप्रतिनिधियों, विकास समितियों, व्यापार मंडलों, योग संस्थाओं जैसे क्रीड़ा भारती, पतंजलि योग समिति, योग पीस संस्थान, गायत्री परिवार, ब्रह्मकुमारी, बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर संस्था, अक्षय पात्र, हरे रामा हरे कृष्ण मिशन, योगास्थली योग संस्थान, योग पथ संस्थान, एकम प्रो, फीट योगा, राजस्थान स्वास्थ्य योग परिषद, जयपुर योगा लीग, रश्मि योगा, गुरुकुल योग संस्थान, नर्सरी योग परिवार, संटू ह्यूमन फाउंडेशन, नमन योगा जैसी संस्थाओं ने योग के कार्यक्रम आयोजित किए। कहीं पर शिविर लगाए गए तो, कहीं पर सामूहिक रूप से योगा किया गया। इस दौरान जहां योग क्रियाएं करवाई गईं, वहीं प्राणायाम की तकनीक भी समझाई गई। प्रशिक्षकों ने कहा कि योग दैनिक जीवन का जरूरी अंग है। इसको अपनाने से व्यक्ति न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत होता है।



**सभी फोटो:** राजेश कुमावत/ पंकज शर्मा

*राज्यपाल कलराज मिश्र ने बुधवार को राजभवन में योग किया। इस मौके पर उन्होंने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।*

### नुट्रिफीजियो वेलनेस स्टूडियो राजापार्क



*डॉ. स्वाति चौहान ने पिंक वीमेनियान महिला क्लब के साथ योग दिवस का आयोजन किया। महिलाओं ने योग, प्राणायाम और ध्यान के महत्व को जाना।*

### भारतीय स्टेट बैंक, जयपुर मंडल



*बैंक के महाप्रबंधक हेमंत करौलिया एवं चंद्रभूषण कुमार सिंह की अगुवाई में स्टाफ सदस्यों द्वारा डॉ. आन्या बोड़ा, आदियोग संस्था के निर्देशन में 'मानवता' की थीम पर योगाभ्यास किया गया। स्टाफ सदस्यों को बैंकिंग कार्यों में आने वाली जोखिम दूर करने की शपथ भी दिलाई गई।*


### राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण



*राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश केजी मसीह तथा कार्यकारी अध्यक्ष, रालसा एम एम श्रीवास्तव के मार्गदर्शन तथा सदस्य सचिव प्रमिल कुमार माथुर के निर्देशन में अधिकारी एवं कर्मचारियों को योग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी, क्रियाएं, निषेध के बारे में बताते हुए योग कराया।*









***राजनेताओं ने भी किया योग:*** *पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने अपने घर पर योग दिवस मनाया । इस दौरान उन्होंने योग क्रियाएं कीं। योग को दैनिक जीवन का जरूरी हिस्सा बताया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने स्वास्थ्य कल्याण ग्रुप के द्वारा सीतापुरा में आयोजित किए गए सामूहिक योग शिविर में उपस्थित हो कर योग, आसन, प्राणायाम किया। उन्होंने कहा कि योग स्वास्थ के लिए बहुत जरूरी है। विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने सीआरपीएफ जवानों के साथ जयगढ़ फोर्ट पर बारिश में 'ॐ नाद' के साथ योग किया। जयपुर ग्रामीण सांसद राज्यवर्धन सिंह ने भी योग करके योग दिवस मनाया। इस दौरान उन्होंने युवाओं से स्वस्थ जीवन के लिए योग अपनाने की अपील की।*

### संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन



*जयपुर जोन 20 के सभी ब्रांचों में सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज के दिशा निर्देशन में जोन के ब्रांच उदयपुरिया, हाथोज, ठिकरिया, राजापार्क, मच्छ की पीपली, प्रताप नगर, जयसिंहपुरा खोर ब्रांचों के सेवादल के भाई बहिनों, संगत के सदस्यों ने योग किया। मिशन के जयपुर जोनल इंचार्ज सुनील बाली ने बताया कि देश में 400 से अधिक स्थानों पर शिविर लगाए गए।*

### लिव विद योगा केंद्र



*योगाचार्य राजवीर सिंह ने अयंगर थैरेपीयूटिक योग का अभ्यास कराया । प्रतिदिन योग कार्यक्रम में नियमित उपस्थिति रहने वालों को सम्मानित किया गया।*

### राजस्थान स्टेट गैस



*एमडी रणवीर सिंह ने योग करवाया। DGM मार्केटिंग विवेक रंजन, DGM HR विवेक श्रीवास्तव, CFO दीप्तांशु पारीक, CS रवि अग्रवाल, पीआर प्रभारी राजेन्द्र शर्मा ने योग किया।*

### एसएमएस स्पोर्ट्स कम्पलेक्स



*7 हजार से भी अधिक लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का शुभांरभ शंखनाद एवं गायत्री नैनो यज्ञ के साथ किया गया। प्रतिभागियों को सिद्धि योगा मैट (योग आसन) भेंट किया गया।*

### जयपुर एयरपोर्ट



*योग प्रशिक्षकों द्वारा 'वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग' की थीम पर टर्मिनल 1 पर सुबह एक घंटे के योग सत्र का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक संतारा कंवर और उनकी टीम ने सत्र का संचालन किया। सत्र के बाद दोनों प्रशिक्षकों को एयरपोर्ट टीम द्वारा सम्मानित किया गया।*

**मिस टीजीपीसी इंडिया** | 2.5 महीने तक ऑनलाइन प्रतिस्पर्धा, 68 सुंदर लड़कियों में बनाई अपनी जगह

# जयपुर की रीया जाखड़ फिनाले में बनी फर्स्ट रनर अप

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर की रीया जाखड़ मिस टीजीपीसी इंडिया की फर्स्ट रनर अप रही। कॉन्फिडेंस एंड क्राउन की ओर से सीजन 11 का फिनाले पुणे में आयोजित किया गया।

इसमें 68 सुंदर लड़कियों में से कई राउंड और चुनौतियों जैसे ईवनिंग गाउन राउंड, कॉकटेल वियर राउंड, एथनिक वियर राउंड, पर्सनल इंटरव्यू, सोशल मीडिया टास्क, स्पॉन्सर टास्क आदि के आधार पर 2.5 महीने तक ऑनलाइन प्रतिस्पर्धा की। रिया के मेंटर व मिस राजस्थान के आयोजक योगेश मिश्रा ने बताया कि फाइनल 5 को क्राउनिंग के लिए चुना गया और टॉप फाइव कंटेस्टेंट ने क्लोजिंग स्टेटमेंट, कॉकटेल ड्रेस और इवनिंग गाउन राउंड पुणे में पूरा किया।





इसमें जयपुर राजस्थान की रिया जाखड़ ने प्रतियोगिता में फर्स्ट रनर अप का खिताब जीता। रिया ने इससे पहले मिस राजस्थान 2022 थर्ड रनरअप का प्रतिष्ठित खिताब भी जीता था। यह पूछने पर कि ताज पहनने पर उन्हें कैसा लगा, उन्होंने जवाब दिया, 'अत्यधिक उत्साहित और अभिभूत महसूस कर रही हूं, क्योंकि मैंने पिछली प्रतियोगिताओं से खुद को विकसित होते हुए अनुभव किया है।

इस प्रतिष्ठित उपाधि को प्राप्त करना मेरे लिए एक सम्मान की बात है। मैं जानती हूं कि बड़ी चीजों के साथ बड़ी जिम्मेदारियों के साथ मैं अपने राज्य और देश को और भी गौरवान्वित करने के लिए तैयार हूं।

गौरतलब है कि रिया जयपुर सीआईएसफ केंपस आमेर की रहने वाली है व पिता अनिल जाखड़ इंस्पेक्टर सीआईएसफ के पद पे कार्यरत है। माता सुशीला जाखड़ हाउसवाइफ हैं।

# सीसी सड़क का लोकार्पण



**जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 136 कृष्णा नगर में पीडब्ल्यूडी के द्वारा निर्मित सीसी सड़क का रिबिन काटकर लोकार्पण किया। स्थानीय पार्षद उषा टाटीवाल ने बताया कि कृष्णा नगर में सड़क टूटी हुई थी, क्षेत्रीय विधायक सराफ की अनुशंसा पर पीडब्ल्यूडी के द्वारा इस सीसी सड़क का नवीनीकरण कराया गया है। स्थानीय लोगों एवं विकास समिति के पदाधिकारियों ने सराफ का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर महेश नगर मंडल महामंत्री राज कुलदीप सिंह, वार्ड अध्यक्ष जीएल जोपट सुभाष अग्रवाल,सरिता मित्तल, रामेश्वर दयाल,तरुण गौड़ एवं अन्य लोग उपस्थित थे।



रिश्तों में परिस्थिति और समय हमेशा हमारी उम्मीद पर कायम नहीं रह सकते। इसलिए प्रेम और विश्वास से रिश्तों की नींव को मजबूत करें।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड ग्रुप एडिटर, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## UN में PM की योगा क्लास में बच्चों से खास मुलाकात




*न्यूयॉर्क। नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक योग सत्र हुआ। इस दौरान पीएम ने योग में शामिल हुए बच्चों से बातचीत की। -पीटीआई*

### ब्रिटेन PM ने 'यूक्रेन रिकवरी समिट' का किया उद्घाटन

# यूक्रेन की तबाही के लिए रूस को करनी होगी क्षतिपूर्ति: सुनक

**एजेंसी** | लंदन

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने 'यूक्रेन रिकवरी समिट' का उद्घाटन करते हुए कहा कि इसके यूरोपीय पड़ोसी देश में मचाई गई तबाही के लिए रूस को अवश्य ही क्षतिपूर्ति करनी होगी। उन्होंने यूक्रेन को ब्रिटिश सरकार की ओर से तीन अरब अमेरिकी डॉलर की ऋण गारंटी की भी घोषणा की। सुनक ने यूक्रेन की समझ-बूझ की सराहना की और देश के ऊर्जा ग्रिड को नष्ट करने की कोशिश करने को लेकर रूस पर प्रहार किया। लंदन में यूक्रेन के साथ संयुक्त रूप से ब्रिटेन इस दो दिवसीय सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। रूस के साथ जारी संघर्ष में यूक्रेन की मदद करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने के उद्देश्य से इसका आयोजन किया जा रहा है। सुनक ने उद्घाटन भाषण में कहा कि रूस को यूक्रेन की तबाही के लिए क्षतिपूर्ति करनी होगी, जो उसने की है।



### विश्व बैंक अध्यक्ष ने किया स्वागत

विश्व बैंक समूह के अध्यक्ष अजय बंगा ने इस नाजुक समय में यूक्रेन के लोगों को यह सहायता दिए जाने के ब्रिटिश सरकार के कदम का स्वागत किया। विश्व बैंक के भारतीय मूल के प्रमुख ने कहा कि ब्रिटेन के सहयोग को विश्व के 38 देशों के 400 से अधिक कंपनियों का समर्थन प्राप्त है। कुल 1,600 अरब अमेरिकी डॉलर से यूक्रेन के पुनर्निर्माण में सहयोग करने का संकल्प लिया गया है।

### 'ब्रिटेन-यूक्रेन टेक ब्रिज' की घोषणा

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने यूक्रेन के लिए एक नए 'ब्रिटेन-यूक्रेन टेक ब्रिज' की भी घोषणा की, जिसका उद्देश्य निवेश को बढ़ावा देना है। इसके बाद, उन्होंने सम्मेलन में डिजिटल माध्यम से यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की का स्वागत किया, जिन्होंने एक बार फिर उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की पूर्ण सदस्यता का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यूक्रेन पहले से ही यूरोपीय रक्षा व्यवस्था का एक अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन का पुनर्निर्माण कर हम विश्व का निर्माण कर रहे हैं और यह आने वाली पीढ़ियों तक मौजूद रहेगा। क्या यह शांतिपूर्ण होगा? क्या यह स्थिर होगा? क्या यह लोकतांत्रिक होगा? यह हममें से प्रत्येक पर निर्भर करता है।

### PM मोदी से मुलाकात के बाद मस्क ने किया ऐलान

# अगले साल तक भारत में TESLA की होगी एंट्री

**एजेंसी** | न्यूयॉर्क (अमेरिका)

दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला इंक भारत में उल्लेखनीय निवेश की तैयारी कर रही है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने यह बात कही है। मस्क का मानना है कि दुनिया के किसी अन्य बड़े देश की तुलना में भारत में अधिक संभावनाएं हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात के बाद मस्क ने कहा कि उनकी अगले साल भारत जाने की योजना है। यह पूछे जाने पर कि क्या टेस्ला (वाहन कंपनी) भारतीय बाजार में प्रवेश करेगी, मस्क ने कहा कि वह अगले साल भारत की यात्रा पर जाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि टेस्ला भारत में होगी। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है। चीन और अमेरिका में बढ़ते तनाव के बीच भारत खुद को अमेरिकी कंपनियों के लिए वैकल्पिक निवेश गंतव्य के रूप में पेश कर रहा है। मस्क टेस्ला के अगले कारखाने के लिए स्थान की तलाश कर रहे हैं। वह फ्रांस, दक्षिण कोरिया और इंडोनेशिया में संभावित गंतव्य की तलाश में हैं। उन्होंने कहा कि भारत में सौर सहित हरित ऊर्जा के लिए मजबूत संभावनाएं हैं।



### मोदी ने अमेरिकी विशेषज्ञों से की मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रमुख अमेरिकी अर्थशास्त्री प्रोफेसर पॉल रोमर और निवेशक एवं हेज फंड ब्रिजवॉटर एसोसिएट्स के सह-संस्थापक रे डेलियो समेत विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियों से मुलाकात के दौरान विचारों का आदान-प्रदान किया। मोदी और प्रो. रोमर ने भारत की डिजिटल यात्रा पर चर्चा की, जिसमें आधार का उपयोग और डिजिलॉकर जैसे नवोन्मेषी माध्यम शामिल हैं। मोदी ने डेलियो को भारत में निवेश बढ़ाने के लिए आमंत्रित किया। मोदी ने ट्वीट किया कि अपने मित्र, प्रतिष्ठित लेखक और निवेशक रे डेलियो से मिला। उनसे भारत में निवेश को और बढ़ाने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री मोदी ने खगोल वैज्ञानिक एवं लेखक नील डि ग्रास टायसन से भी मुलाकात की और युवाओं में वैज्ञानिक रुझान पैदा करने पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि इस मुलाकात में अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की तीव्र प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई जिसमें भारत द्वारा किए जा रहे विभिन्न अंतरिक्ष अन्वेषण मिशन भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री और टायसन ने भारत की नई राष्ट्रीय अंतरिक्ष नीति के तहत निजी क्षेत्र और शैक्षणिक सहयोग के अवसरों पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने अमेरिकी के चर्चित गणितज्ञ सांख्यिकीविद प्रो. नासिम निकोलस तालेब से भी मुलाकात की। तालेब के साथ बातचीत में मोदी ने उन्हें भारत के युवा उद्यमियों की जोखिम लेने की क्षमता और देश में बढ़ते स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में बताया। मोदी ने भारतीय मूल की अमेरिकी गायिका, संगीतकार और ग्रैमी पुरस्कार विजेता फाल्गुनी शाह से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने शाह के गीत 'एबन्डेंस इन मिलेट्स' के लिए उनकी सराहना की।

### 'मैं मोदी का प्रशंसक हूं'

एलन मस्क ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री का उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं और उम्मीद है कि हम निकट भविष्य में साथ काम करने में सक्षम होंगे। एक अलग वीडियो बयान में मस्क ने मोदी की सराहना करते हुए कहा कि वह वास्तव में भारत की चिंता करते हैं क्योंकि वह अपने देश में निवेश के लिए हमसे बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं मोदी का प्रशंसक हूं। मस्क ने प्रधानमंत्री के साथ अपनी बातचीत को बेहतरीन बताते हुए कहा कि भारत सौर ऊर्जा निवेश के मामले में बेहतरीन काम कर रहा है। मस्क के साथ मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया कि आज आपसे मिलकर बहुत अच्छा लगा एलन मस्क। हमने ऊर्जा से लेकर आध्यात्मिकता तक के कई मुद्दों पर विस्तार से बातचीत की। इस पर मस्क ने जवाब दिया कि आपसे एक बार फिर मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है।

### तमारा की महिला कारागार में हुई हिंसा, 7 को अस्पताल में कराया भर्ती

# कारागार में दंगे, 41 महिला कैदियों की मौत

**एजेंसी** | तेगुसिगाल्पा (होंडुरास)

होंडुरास के एक महिला कारागार में मंगलवार को हुए दंगे में 41 महिलाओं की मौत हो गई।



होंडुरास की राष्ट्रीय पुलिस जांच एजेंसी के प्रवक्ता यूरी मोरा ने बताया कि तेगुसिगाल्पा के उत्तर-पश्चिम में करीब 30-50 किमी पर स्थित तमारा के महिला कारागार में दंगे और हिंसा हुई। अधिकतर महिलाओं की मौत झुलसने के कारण हुई। हालांकि कुछ को गोली लगने की भी खबर है। कम से कम सात महिला कैदियों को तेगुसिगाल्पा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनमें से कुछ को गोलियां लगी हैं और कुछ पर चाकू से हमला किया गया। देश की कारागार प्रणाली की प्रमुख जुलिसा विलानुएवा ने बताया कि प्रतीत होता है कि कारागारों के अंदर अवैध गतिविधि पर नकेल कसने के लिए अधिकारियों द्वारा हाल में उठाए गए कदमों के कारण दंगा शुरू हुआ और मंगलवार की हिंसा को हम संगठित अपराध के खिलाफ उठाए गए कदमों की प्रतिक्रिया के तौर पर देख रहे हैं। विलानुएवा ने कहा कि हम कार्रवाई जारी रखेंगे।






### चीनी राष्ट्रपति पर भड़के बाइडेन

# बाइडेन ने जिनपिंग को बताया 'डिक्टेटर'

**एजेंसी** | बीजिंग

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को एक तानाशाह बताया है। बाइडेन का यह बयान ऐसे समय में आया है जब शीर्ष अमेरिकी राजनयिक एंटनी ब्लिंकन ने द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करने के लिए बीजिंग का दौरा किया है और दूसरी तरफ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के दौरे पर हैं, बाइडेन ने यह भी कहा कि जब इस साल की शुरुआत में एक संदिग्ध चीनी जासूसी गुब्बारे को अमेरिकी हवाई क्षेत्र के ऊपर मार गिराया था तो उस समय शी जिनपिंग बहुत शर्मिंदा हुए थे। उधर, चीन ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन की चीनी नेता शी चिनफिंग को तानाशाह करार देने संबंधी टिप्पणियों को 'बेहद बेतुकी और गैर-जिम्मेदाराना' बताया है। बाइडेन ने चीनी राष्ट्रपति को लेकर ऐसा बयान दिया है। शी ने कुछ समय पहले ही राष्ट्रपति और कम्युनिस्ट पार्टी के प्रमुख के रूप में तीसरा कार्यकाल हासिल किया था और ऐसा करने वाले वह माओत्से तुंग के बाद चीन के सबसे शक्तिशाली नेता हैं।



### चीन ने बताया 'गैर-जिम्मेदाराना' बयान

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कैलिफोर्निया में एक कार्यक्रम में कहा कि जब मैंने उस गुब्बारे को जासूसी उपकरणों से भरे दो बॉक्सों के साथ मार गिराया तो शी जिनपिंग बहुत परेशान हो गए। तानाशाहों के लिए यह बहुत शर्मिंदगी की बात है। जब उन्हें पता ही नहीं था कि क्या हुआ है। उन्हें वहां नहीं जाना चाहिए था, जहां वो गए थे। इसे उड़ा दिया गया। बाइडेन ने यह भी कहा कि चीन के पास वास्तविक आर्थिक कठिनाइयां हैं। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने बयान को 'अत्यंत बेतुका और गैर-जिम्मेदाराना' बताया।

### पहले पुतिन को बताया था तानाशाह

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पहले तानाशाह (डिक्टेटर) और युद्ध अपराधी शब्द का इस्तेमाल यूक्रेन पर रूस के हमले को लेकर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए किया था। अब चीनी राष्ट्रपति पर हमला बोला है। शी 'पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना' (चीन) के राष्ट्रपति हैं और राष्ट्र प्रमुख, सेना के कमांडर और सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के नेता के रूप में उनके कार्यकाल की कोई तय सीमा नहीं है और इस तरह उनके प्राधिकार के समक्ष कोई चुनौती नहीं है।


सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl